4 रायपुर संभाग
सरयू साहित्य द्वारा ऐतिहासिक स्थल वंदन आव्हान...

6 अभिमत
बढ़ते गैस आयात की चुनौती

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए पीएम मोदी ने यू-विन...

10 संस्कारधानी
ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करे पीडब्लूडी के अधिकारी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 30 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-70 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने दीपों के पंच पर्व धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के लिए देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमारी समृद्ध वैभवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। त्यौहारों का यह अवसर हमे समाज में एकता, सद्भाव और प्रेम का संदेश देता है। डेका ने कहा है कि दीपावली की जगमगाती रौशनी हमारे जीवन से अंधकार को दूर कर ज्ञान, आनंद और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे। इस पर्व पर हम पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सामाजिक समरसता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प ले।

### सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर(वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर में अखनूर के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास करीब 24 घंटे से अधिक समय तक आतंकवादियों के खिलाफ चले अभियान में सुरक्षा बलों ने सभी तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अखनूर ऑपरेशन में तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। इस ऑपरेशन में सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ राउंड-द-क्लॉक सर्विलांस के बाद मंगलवार सुबह तेज गोलीबारी करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया।

# लोग स्वस्थ रहेंगे तो देश की प्रगति भी तेजी से होगी : प्रधानमंत्री मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सेवा से समृद्धि और सुशासन की संकल्पना के साथ आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्वंतरी जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बिलासपुर (कोनी) में 200 करोड़ की लागत से निर्मित सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोनी में आयोजित लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि थे। प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में वर्चुअल रूप से देश के विभिन्न स्थानों में 12 हजार 850 करोड़ रूपए से अधिक लागत की अनेक स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया, इनमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर (कोनी) का सिम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण और रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को धनतेरस और भगवान धनवंतरि जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि धनतेरस के दिन सौभाग्य और स्वास्थ्य का यह उत्सव सिर्फ एक संयोग नहीं है, यह स्वास्थ्य और समृद्धि का उत्सव है। देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते है, आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि धनवंतरी और नौवां आयुर्वेद दिवस है।

### मुख्यमंत्री साय ने हॉस्पिटल का किया अवलोकन



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 11 मंजिला इस भव्य अस्पताल भवन में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सीटी स्कैन, एक्स-रे, ब्लड बैंक पैथोलैब आदि कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत विभिन्न सामग्री एवं प्रमाण पत्र का भी वितरण किया। उन्होंने 37 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्रायसिकल, दूरस्थ अंचलों में संचालित हेतु दो बाइक एंबुलेंस, 5 सिकल कार्ड, 5 आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इसी प्रकार उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले के 07 केंद्रों को एन.क्यू.ए.एस प्रमाण पत्र प्रदान किया। इनमें जिला अस्पताल सहित 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करगी कला, हरदी कला, नवागांव सलका तथा 03 उप स्वास्थ्य केंद्र मिट्ठू नवागांव, मझवानी, पेंडरवा शामिल है। एन.क्यू.ए.एस प्रमाण पत्र बेहतर स्वास्थ्य एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत नेशनल क्वालिटी सुपरवाइजरी कमिटी द्वारा प्रदान किया जाता है।

# नागपुर में गरजे भूपेश- कहा महाराष्ट्र की वीरभूमि में ग़द्दारों का कोई स्थान नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ नागपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदर्भ क्षेत्र के सीनियर ऑब्जर्वर भूपेश बघेल ने नागपुर के संविधान चौक में नागपुर पश्चिम, नागपुर उत्तर, मध्य नागपुर एवं दक्षिण पश्चिम नागपुर विधानसभाओं के कांग्रेस प्रत्याशियों की संयुक्त नामांकन रैली में सम्मिलित हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के प्रत्याशियों के अलावा इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान भूपेश बघेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि यह चुनाव महाराष्ट्र की अस्मिता का चुनाव है, महाविकास आघाड़ी के हर एक साथी को यह लड़ाई पूरी ताकत से लड़नी है और यह साबित करना है कि महाराष्ट्र की इस वीरभूमि में गद्दारों का कोई स्थान नहीं है। जिस प्रकार भाजपा ने छल से शिवसेना और एनसीपी को तोड़ा है और लोकतंत्र का चीरहरण किया है, इसका जवाब आपको अपने वोटों से देना है और भाजपा की छल-बल की राजनीति को हराना है। आगे बघेल ने कहा भाजपा समाज में विभेद पैदा करने का काम करती आई है, समाज के एक वर्ग से दूसरे वर्ग को लड़ाने में भाजपा पारंगत है, वो हमेशा तोड़ने की बात कहती है लेकिन हम सभी जोड़ने के लिए निकले हैं और इस लड़ाई में आप सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, ना केवल भारी संख्या में मतदान करवाना है बल्कि मतदान के बाद कोई गड़बड़ी ना हो इसके लिए भी सतर्क रहना है।

## बदलते भू- राजनीतिक खतरों को देखते हुए चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहे सेना : डॉ. एस जयशंकर

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि सेना को तेजी से बदल रहे जटिल भू- राजनीतिक खतरों को देखते हुए चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। डॉ.जयशंकर कहा कि सेना को मौजूदा विश्व व्यवस्था के विरोधाभासों और चुनौतियों से निपटने की योजना पर काम करना होगा। विदेश मंत्री ने सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन के दूसरे चरण के समापन अवसर पर 'भारतीय सशस्त्र बलों के लिए उभरता भू-राजनीतिक परिदृश्य और अवसर' विषय पर अपने संबोधन में यह बात कही। सम्मेलन में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा और भीतरी इलाकों को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। डॉ. जयशंकर ने भारत को प्रभावित करने वाली जटिल वैश्विक और भू-राजनीतिक गतिशीलता का उल्लेख किया।

## राय ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कराने के अधिकारियों को दिए निर्देश



**नयी दिल्ली/वार्ता।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाने के लिए संबंधित विभागों के साथ बैठक कर प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। राय ने कहा कि दिवाली के अवसर पर पटाखों से होने वाला प्रदूषण दिल्ली की हवा को अत्यधिक प्रदूषित कर देता है, और यह प्रदूषण बच्चों और बुजुर्गों के लिए अत्यंत घातक होता है। इसी कारण पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) तथा पटाखों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध को लागू करवाने के लिए 377 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें दिल्ली पुलिस की 300 टीमें और राजस्व विभाग की 77 टीमें शामिल हैं।


## जनसम्पर्क आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों से काम-काज की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने छत्तीसगढ़ संवाद के सभा कक्ष में जनसम्पर्क संचालनालय एवं संवाद के अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से विभागीय कार्यकलापों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं के बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संचालक जनसम्पर्क अजय कुमार अग्रवाल, अपर संचालक जे.एल. दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, संतोष मौर्य एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।




जन्मदिन की बधाई...
धनतेरस
फौलादी इरादों वाले
छगन लाल मुंदड़ा जी
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
यश-कीर्ति की आभा से दमकता रहे
आपका जीवन कर्मठ, समर्पित
व्यक्तित्व का...
आप शतायु हो-दीर्घायु हो !
ATUL PUBLICITY
प्रदेशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें...
RM GROUP

# जिले की महिलाओं को दीपावली से पूर्व मिली खुशियां महतारी वंदन योजना की राशि से महिलाएं हो रहीं सशक्त

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना ने राज्य की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की हैं बल्कि उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी घरेलू जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं, बल्कि अपने बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को भी समय पर पूरा कर रही हैं। दीपावली से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत राशि का अंतरण महिलाओं के लिए गर्व का क्षण था। इससे प्रदेश भर की महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खाते में नौंवी किस्त की राशि अंतरित हुई, जिसमें जिले के 1 लाख 39 हजार 177 महिलाओं को दीपावली पर्व के पहले न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि यह भी एहसास हुआ कि सरकार उनके संघर्षों को समझ रही है और उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।





### लीला बाई यादव को बेहतर जीवनयापन में मिली मदद

बफना की रहने वाली लीला बाई यादव पेशे से मितानिन हैं और उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हर महीने महतारी वंदन योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलती है। लीला बती कहती हैं, 'इस योजना से मुझे बहुत खुशी है क्योंकि सरकार हमें घर चलाने के लिए आर्थिक मदद कर रही है, जिससे हम छोटे-मोटे खर्चे आसानी से पूरा कर पाते हैं। लीला बाई के परिवार में तीन बच्चे हैं, दो बेटियां और एक बेटा। उनका बड़ा बेटा एक शो रूम में काम करता है, जिससे परिवार को आर्थिक मदद मिलती है, जबकि दूसरी बेटी अपने पिता के साथ मिलकर एक छोटा होटल चलाती है। वहीं, उनकी सबसे छोटी बेटी कंप्यूटर कोर्स कर रही है। घर में डेढ़ एकड़ खेत है, जहां परिवार खेती करता है। महतारी वंदन योजना की मदद से लीला बाई अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन यापन करने में सक्षम हो पाई हैं।

### घर के खर्चों में शैलेंद्री पोयाम को मिल रही राहत

कलेकसा पारा, बफना की शैलेंद्री पोयाम गृहिणी हैं और उनका परिवार मुख्य रूप से खेती-बाड़ी पर निर्भर है। उनके परिवार में सात लोग हैं और उनके पति खेती करके परिवार का खर्च चलाते हैं। शैलेंद्री का परिवार छह एकड़ जमीन पर खेती करता है। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली सहायता से शैलेंद्री को अपने परिवार की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। इस योजना से उन्हें घर चलाने के लिए आर्थिक राहत मिली है, जिससे उनका परिवार सुखी और संतुलित जीवन बिता रहा है।

### हितेंद्री देवांगन को बच्चों की पढ़ाई में मिल रही मदद

बफना, कलेकसा पारा की रहने वाली हितेंद्री देवांगन एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं और उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपये मिलते हैं। हितेंद्री कहती हैं, 'इस बार दीपावली से पहले हमें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों यह राशि मिली, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इससे हम दीपावली में बच्चों के लिए पटाखे और मिठाई जैसी जरूरतें पूरी कर पाएंगे। हितेंद्री संयुक्त परिवार में रहती हैं, जिसमें 17 लोग हैं। उनका पूरा परिवार किसान है और खेती-बाड़ी से ही घर चलता है और उनकी डेढ़ एकड़ जमीन से सिर्फखाने लायक ही उत्पादन हो पाता है। हितेंद्री बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि से उन्हें और उनकी देवरानी एक-दूसरे की जरूरतों के समय मदद करती हैं, जिससे देवरानी जेठानी के बीच में मन मोटाव जैसे परिस्थिति नहीं रहती। हितेंद्री के दो बेटिया हैं और दोनों बेटियों के लिए वह सुकन्या योजना के तहत पैसे जमा करती हैं, और जब कभी पैसों की कमी होती है, तब महतारी वंदन योजना की राशि उनके लिए सहारा बनती है। वह कहती हैं, 'इस योजना के कारण मुझे कभी किसी से पैसे उधार मांगने की जरूरत नहीं पड़ी।' उनका परिवार गर्मी के मौसम में मक्का की खेती करता है, जिससे थोड़ी बहुत आर्थिक सहायता मिल जाती है। हितेंद्री ने बताया कि इस योजना ने उनके परिवार के जीवन को काफी आसान बना दिया है। पहले जहां उन्हें अपनी बेटियों की पढ़ाई और घर की अन्य जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब महतारी वंदन योजना से मिलने वाली सहायता राशि से वह छोटी जरूरतों को पूरी कर पा रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वन्दन योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने और उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए 1000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। लीला बाई, शैलेंद्री और हितेंद्री जैसी महिलाएं इस योजना की वास्तविक लाभार्थी हैं और उनकी कहानियां बताती हैं कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और पारिवारिक सामंजस्य का भी प्रतीक है।

## एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के वित्त विभाग में धूमधाम से मनाई गई लक्ष्मी पूजा





**किरंदुल।** प्रति वर्ष की पावन परम्परानुसार धनतेरस के शुभ अवसर पर एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्प्लेक्स के वित्त विभाग द्वारा लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (विद्युत) एम सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (एम एंड एस) पी प्रसाद, वित्त विभाग के सहायक महाप्रबंधक प्रशांत वर्मा, अमन हजारिका, एसकेएमएस के अध्यक्ष देवरायलु, सचिव राजेश संधू, एमएमडब्ल्यू यूनियन के कार्यालय सचिव राजेंद्र यादव, समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे। राघव मन्दिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ल द्वारा विधि विधान से पूजन सम्पन्न किया गया।

## गुण्डाधुर महाविद्यालय के एमएससी प्राणीशास्त्र विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के अनुमतिनुसार एवम विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र शोभाराम यादव, अतिथि व्याख्याता कमल किशोर जांगड़े, हितेंद्र वर्मा व विशेष सहयोगी रवि सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में एमएससी जूलॉजी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियो का विशाखापटनम के विभिन्न स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण 22 से 27 अक्टुबर तक कराया गया, जिसमें इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क के विभिन्न जंतुओ शेर, बाघ, चीता, चिम्पांजी, गोरिल्ला, नीलगाय, सांभर, बारहसिंगा, चीतल, वनभैसा, जिराफ, जेब्रा, विभिन्न पक्षियों, सरीसृप के बारे में विषयगत जानकारी प्रदान किया गया। इसी प्रकार पांडुरंगापुरम स्थित सीआईएफटी सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. जो. के . कीजाकूडन के द्वारा समुद्री मात्स्यिकी में विद्यार्थियों का भविष्य, मूलभूत आवश्यक जानकारी, साथ ही संस्थान के सहयोगियो के द्वारा समुद्री मात्स्यिकी के विभिन्न प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके अतिरिक्त कैलाशगिरि पर्वत के उष्णकटिबंधीय मौसम, एवं आरके समुद्री तट के माध्यम से समुद्री पारितंत्र को महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एमएससी के विद्यार्थी सुष्मिता शाह, आंचल देवांगन, चंचल बोमकर, अजय, दिशा भौमिक, पंकज पवार, गगन, बरखा, मनीषा, नौरतन, धनसिंह, भावेश एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर, रन फॉर यूनिटी में जनप्रतिनिधियों युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने लगाई दौड़



पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, खिलाड़ियों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साह के साथ दौड़ लगाई। यह दौड़ विकास नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर, जिला कोर्ट परिसर से होते हुए नेशनल हाईवे, जय स्तंभ चौक एवं बाजार पारा होते हुए पुनः विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, दीपेश अरोरा, नगर पालिका परिषद् के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद् के सदस्यगण, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## बुनागाँव में प्रतियोगी परीक्षा की नि :शुल्क कोचिंग दे रहे हैं शिक्षक और युवा शिक्षा शारथी






**कोंडागांव।** कोंडागांव विकास खंड अंतर्गत ग्राम बुनागाँव में ग्रामीण अंचल के कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक पाँच दिवसीय निःशुल्क प्रातः कालीन कोचिंग सह मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिसमें आसपास के ग्रामों से 30 बच्चे जनपद प्राथमिक शाला बुनागाँव में प्रतियोगी परीक्षा का मार्गदर्शन ले रहे हैं।स्थानीय शिक्षक सूरज नेताम के मार्गदर्शन में ग्रामीण अंचल में अध्ययनरत बच्चों को नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, जवाहर उत्कर्ष,एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, आदर्श स्कूल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शिक्षित युवा शिक्षा सारथियों नरेंद्र सेठिया (एमएससी) और ज्योती बघेल (बीएससी) के साथ कोचिंग सह मार्गदर्शन करवाई जा रही है।ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष जहां ग्रामीण अंचल के अभिभावक आर्थिक स्थिति जानकारी के अभाव के चलते बच्चों को उच्च शैक्षणिक संस्थानों के प्रतियोगी परीक्षा के फार्म भी नहीं भर पाते वहीं शिक्षक सूरज नेताम निःशुल्क फार्म भरवाने के साथ ही उन्हें उचित मार्गदर्शन भी देते है।जिसके चलते प्रतिवर्ष उनके मार्गदर्शन में अबतक 50 से अधिक बच्चे प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं। बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध शिक्षक सूरज नेताम ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती अपितु उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है, अभिभावकों के आग्रह पर वे प्रतिवर्ष बच्चों से स्कूल और अवकाश के दिनों में समय निकालकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाते हैं।उन्हें खुशी है कि आज अधिकांश बच्चे उनके मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय और देश के उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन कर अपना भविष्य संवार रहे हैं।

### दीपावली पर मिट्टी के दीयों की बिक्री को प्रोत्साहित करने कलेक्टर दिये निर्देश

**कोंडागांव।** दीपावली पर्व के अवसर पर कुम्हार एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीयों की बिक्री को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत नगरपालिका कोंडागांव, नगर पंचायत फरसगांव और केशकाल क्षेत्र में दीये की बिक्री के लिए आने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने दीयों की बिक्री हेतु आने वाले ग्रामीणों को कोई असुविधा न हो, इस बात का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आम जनता को मिट्टी के दीयों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करने को कहा है, ताकि इस पारंपरिक उत्पाद को बढ़ावा दिया जा सके।

## किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड में दीपावली के लिए सजी फटाखे की दुकानें

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरंदुल में दीपों के महापर्व दीपावली के पावन अवसर पर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के फुटबॉल ग्राउंड में फटाखों की दुकानें सजनी शुरू हो चुकी हैं। उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी किरंदुल परियोजना को मिनी इंडिया का दर्जा भी दिया जाता है क्योंकि देश में लोह अयस्क उत्खनन एवं उत्पादन तथा प्रेषण की अव्वल दर्जे की नव रत्न कंपनी एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में देश के सभी प्रान्तों के अधिकारी और कर्मचारी पदस्थ है।जिस कारण किरंदुल परियोजना के क्षेत्र में देश के सभी राज्यों के पारंपरिक पर्वो को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।इस ही कड़ी में इस वर्ष भी दीपावली पर्व के अवसर पर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के फुटबॉल ग्राउंड में फटाखे की दुकानें सज संवर कर तैयार हो गई है।विदित हो कि इस बार फुटबॉल ग्राउंड में 4 दुकानें पटाखा व्यापारियों ने लगाई है तो वहीं पांचवी दुकान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित थोक उपभोक्ता सहकारी भंडारण ने लगाई है।इस विषय पर चर्चा करते हुए पटाखा दुकानों के संचालकों आकाश गोयल ,मंजू छालीवाल ,शेखर दत्ता ,आकाश अविर ने बताया कि इस साल दीपावली पर्व के अवसर पर किरंदुल नगर में करीबन एक करोड़ रुपये की पटाखों की बिक्री का अनुमान है।पटाखा व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष पिछले साल की तुलना में रेट में करीबन 10 प्रतिशत की वृद्धि ही हुई है ।इस दौरान पटाखा दुकानों के आस पास सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए किरंदुल पालिका परिषद के द्वारा एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था की गई है ।साथ ही किरंदुल पुलिस के द्वारा लगातार निगरानी जारी है ।

## कलेक्टर ने दीपावली पर्व के दौरान सुरक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत को समय-सीमा के बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आगामी दीपावली पर्व के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, अग्निशमक वाहनों तथा अस्पतालों में चिकित्सा व एंबुलेंस सेवा को अलर्ट रहने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जनपदवार स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि, यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के कोई भी पात्र हितग्राही छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाएं। साथ प्रथम किस्त की राशि जारी करने हेतु लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण करें। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को मैदानी स्तर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए नियमित रूप से फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों के संबंध में भी जानकारी ली और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान रखने के साथ सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्योत्सव के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर भी सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के विभिन्न विभागों से कार्यवाही हेतु लंबित आवेदनों की प्रगति की भी जानकारी ली और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शेड निर्माण की प्रगति, राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र, गिरदावरी सत्यापन कार्य, किसान पंजीयन कार्य सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला जिला बेमेतरा छ.ग.**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष सिन्हा पिता श्री बैसाखूराम सिन्हा साकिन भिंभौरी तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा छ.ग. द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम भिंभौरी प.ह.न. 04 तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित भूमि ख.न. 1265/5 रकबा क्रमशः 0.0200 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.0200 हे. भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने बाबत् आवेदन पेश किया गया हैं। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का संस्था उजर-दावा हो तो दिनांक 07/11/ 2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तथा समय पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेरला, जिला-बेमेतरा

**FORMAT C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)
Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedent could not be selected as candidates
(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in Contempt Petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011.

Name of Political Party : **INDIAN NATIONAL CONGRESS**
Name of Election : General Assembly Bye-Elections
Name of State : Chhattisgarh
Name of the Constituency : **51-Raipur City South**
Name of Candidate : **Akash Sharma**

| S.No. | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Criminalantecedents | | | | | |
| | a. | Natureofthe offences | U/s 147,321,294 IPC | U/s 147, 353, 186, 332, 427 IPC | U/s 147, 149, 427 IPC, 03 Prevention of damage of Public Property Act, 1984 | U/s 353, 186, 188, 332, 147, 148 IPC |
| | b. | Caseno. | 2794/2018 | 4884/2018 | 20471/2015 | 22283/2013 |
| | c. | F.I.R No. | 211/2017 | 181/2016 | 304/2015 | 40/2013 |
| | d. | NameoftheCourt | JMFC, Raipur (C.G.) | JMFC, Raipur (C.G.) | JMFC, Raipur (C.G.) | JMFC, Raipur (C.G.) |
| | e. | Whetherchargeshavebeen framedornot (Yes/No) | NO | NO | NO | NO |
| | f. | Dateofconviction,ifany | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE |
| | g. | Dateofpunishment undergone, if any | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE |
| | h. | Anyother information requiredtobegiven | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE | NOTAPPLICABLE |
| 2. | Thereasonsfortheselectionofthe candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" atthepolls (notmore than 100words) | | He is a Young and Dynamic youth Icon of the constituency, well known for his social work and great leadership quality. The Candidate has unparalleled support from the people and has been longest serving president of Chhattisgarh NSUI and is currently serving as state president of Chhattisgarh Youth Congress. | | | |
| 3. | Reasonsastowhyotherindividuals withoutcriminalantecedentscoul d not be selected as candidates (not more than 100 words) | | The cases are subjectively politically motivated where the candidate himself is victimized by the party in power where the charges have not been framed. Moreover, there is no other individual with such efficiency and potential at such a young age. | | | |

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

(मलकीत सिंह गैदू)
प्रभारी-महामंत्री (संगठन एवं प्रशा.)
Signature of office bearer of the Political Party Name and designation

# सरयू साहित्य द्वारा ऐतिहासिक स्थल वंदन आव्हान सिरपुर दर्शन वंदन से प्रारंभ हुआ अहम अभियान



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

इतिहास अपने आप मे वह ऐहसास है जो सीधे हमें अतीत से जोड़ती है तथा यही जुड़ाव एक प्रेरणा के रुप मे हमारे वर्तमान को प्रभावित करते हुए नयी दिशा प्रदान करती है,इसलिए हर व्यक्ति समाज एवं देश के लिए ऐतिहासिक तथ्य बहुत मायने रखते है तथा इनका संवर्धन संरक्षण एवं अध्ययन आवश्यक हो जाता है,भारत के गौरवशाली इतिहास को अपने मे समेटे हुए विभिन्न ऐतिहासिक स्थल हमारी संस्कृति की भव्यता एवं दिव्यता का हर पल ऐहसास कराते है।

### सरयू साहित्य का नवीन अभियान

समय समय पर विभिन्न रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से समाज मे रचनात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए निरंतर प्रय शील सरयू साहित्य परिषद द्वारा ऐतिहासिकता के महत्व को निरूपित करते हुए एक नये अभियान का श्रीगणेश किया गया है जिसके तहत ऐतिहासिक स्थलों के वंदन एवं दर्शन की रुपरेखा रखी जा रही है,जिसका उद्देश्य है अतीत के गौरवशाली एवं समृद्ध स्थलों का दर्शन एवं प्रेरणा का ग्रहण तथा जनमानस के बीच स्थलों की भव्यता एवं दिव्यता का प्रसारण,

### सिरपुर दर्शन से अभियान का शुभारंभ

ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के स्थल सिरपुर जिसे सोमवंशीय सम्राटों के समय श्रीपुर के नाम से जाना जाता था,तथा दक्षिण कोशल क्षेत्र की राजधानी रही धार्मिक अध्यात्मिक ज्ञान विज्ञान तथा मौलिक प्रयोगों की महत्वपूर्ण स्थली सिरपुर के भ्रमण दर्शन से सरयू साहित्य परिषद द्वारा महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया गया,तथा सोमवंशीय राजाओं के समय ईट से बने लक्ष्मण मंदिर के दर्शन के साथ पुरातात्विक खुदाई मे मिले संग्रहालय मे संरक्षित सातवीं आठवीं शताब्दी के मूर्तियों का भी दर्शन किया गया,सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा के नेतृत्व मे आयोजित इस अभियान मे प्रमुख रुप से उर्वशी शर्मा, मुकेश शर्मा, सरिता रानी शर्मा प्रतिमा शर्मा,निशा आनंद शर्मा,जय श्री शर्मा प्रांजल शर्मा आदि द्वारा अहम भागीदारी निभाई गयी,

### साहित्य सृजन से होगा जागरण

ऐतिहासिक स्थल दर्शन वंदन अभियान के संबंध मे सरयू साहित्य परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा से चर्चा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा क्षेत्र के विभिन्न ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के दर्शन एवं वहां से जुड़े तथ्यों के अध्ययन के साथ ही उक्त अध्ययन को साहित्य का रुप प्रदान किया जाएगा तथा जन जन मे उक्त स्थलों के प्रेरणादायी महत्वों को प्रसारित किया जाएगा जिससे जनमानस अतीत के गौरवशाली एवं समृद्ध विरासत से जुड़े एवं वर्तमान के लिए प्रेरणा ग्रहण कर सकें,गौरतलब है कि सरयू साहित्य परिषद द्वारा पूर्व मे भी विभिन्न समाजपयोगी बिन्दुओ को आधार मानकर जागरण अभियान चलाया जा चुका है,अब इस नये अभियान को लेकर भी लोगों मे उत्साह एवं अभियान से जुड़ने की भावना स्पष्ट रुप से परिलक्षित हो रही है।

# गुरुनानक वार्ड अटल आवास भाटापारा में चलाया गया छापामार अभियान

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस थाना भाटापारा शहर द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों एवं शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 27.10.2024 को थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा तड़के सुबह 04:00 से 07:00 के मध्य पूरी तैयारी के साथ गुरूनानक वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर छापामार अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 04 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 22,770 कीमत मूल्य का कुल 207 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। अभियान के दौरान घटनास्थल अटल आवास एवं सभी आरोपियों का सुक्ष्मतापूर्वक विधिवत तलाशी लिया गया, जिसमें आरोपियों से 01 नग धारदार चाकू बरामद किया गया है। इसी क्रम में आरोपियों से 03 मोबाइल एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त TVS मोटरसाइकिल CG04 MG 7052 भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 486/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



### आरोपियों के नाम

लीलाधर चक्रधारी उर्फगोलू उम्र 19 वर्ष निवासी गुरूनानक वार्ड पंचशील नगर भाटापारा थाना भाटापारा शहर,अल्ताफ शेख उर्फ टिंकू उम्र 24 साल निवासी, गुरुनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, खिलावन गेंदले उर्फनानू उम्र 23 साल निवासी ग्राम कुम्हार खान थाना भाटापारा ग्रामीण वर्तमान निवासी अटल आवास गुरुनानक वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर , रितिक लसेल उर्फमोंटू उम्र 20 साल निवासी पंचशील वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर।

### जप्ती का विवरण

देशी मसाला शराब कुल 207 पाव कीमती 22,770 , TVS मोटरसाइकिल CG04 MG 7052, मोबाइल 3 नग ,धारदार चाकू एक नग।

# हरषद मेहता ने कार्यपालन अभियंता को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



शहर एवं आसपास के ग्राम क्षेत्रों के मुख्य मार्गों के खस्ताहाल एवं जर्जर सड़कों के मरम्मत की लगातार उठ रही मांग को ध्यान में रखते हुए छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक हरषद मेहता ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को एक पत्र प्रेषित करते हुए र ाबांधा चौक से आमदी एवं तेलीनसत्ती से रांवा सड़क मरम्मत एवं चौड़ीकरण करवाने की बात कही। मेहता ने कार्यपालन यंत्री लोनिवि धमतरी को लिखे पत्र में बताया कि शहर के र ाबांधा चौक से आमदी तक की सड़क बीच-बीच में काफी जर्जर हो गई है तथा बड़े गड्ढे भी हो गये हैं जिसकी तत्काल मरम्मत कार्य की मांग ग्रामीणजनों से जनसंपर्क के दौरान की गई है। आने-जाने वाले लोगों को सड़क की खस्ता हालत के कारण काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है एवं हमेशा दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसी तरह ग्राम तेलीनसत्ती मोड़ से लेकर ग्राम रांवा तक सड़क की हालत एकदम जर्जर हो गई है। जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाएं होते रहती हैं। इसके अलावा यह सड़क की चौड़ाई भी कम है जिसे चौड़ीकरण की भी आवश्यकता है ताकि आवागमन सुलभ हो सके। मेहता ने पत्र में कहा कि उक्त जर्जर सड़क की मरम्मत एवं चौड़ीकरण अतिशीघ्र करवाई जाये ताकि आवागमन सुलभ हो सके एवं दुर्घटनाओं में रोक लग सके।

# प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले में लिप्त दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विप्र फाऊंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सरायपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रायपुर कलेक्ट्रेट के राजस्व विभाग में कार्यरत क्लर्क प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या का मामले पर वर्तमान भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वर्तमान जो भी अधिकारी कर्मचारी इस मामले में लिप्त है उनकी जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करे छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में जाति सुचक शब्दों से प्रताड़ित कर आत्महत्या करने पर मजबुर करने वाले अपराधी अधिकारियों को तत्काल पद निलंबित कर कानुनी कार्यवाही की जाए एवं मृतक के परिवार को एक करोड़ मुआवजा एवं परिवार से तत्काल अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी है मृतक परिवार के साथ छत्तीसगढ़ विप्र फाऊंडेशन हमेशा खड़ी है और हम छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि ऐसी घृणित घटनाएं दोबारा ना हो वर्ना पुरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में समाज उग्र आंदोलन करेगी।

# रक्तदान सेवा समीति ने मरीजों को बांटे कंबल और गर्म कपड़े

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

ठंड का मौसम धीरे-धीरे आ रहा है ऐसे में लाज़मी है कि ठंड से बचने के लिए घर में रहकर अनेक तरह के उपाय किया जा सकता हैं लेकिन जब व्यक्ति और बीमारी से ग्रसित रहे और हॉस्पिटल में एडमिट रहे अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता, इसी को ध्यान रखते हुए ही नगर के समाजसेवक पुरुषोत्तम प्रधान, मुस्तफ़ीज आलम और उनके सहयोगियों ने मिलकर पुरूष जनरल वार्ड व महिला जनरल वार्ड में एडमिट सभी मरीज़ों के ठंड से बचने के लिए कंबल बाँटे इसके साथ कुपोषित बच्चों का वार्ड में छोटे बच्चों के ठंड से बचने के लिए मोज़ा, कानटोप और अन्य गरम कपड़े बाँटे,



इस तरह का कार्य मानव समाज के लिए प्रेरणादायक रहता है इसमें सभी व्यक्तियों को प्रेरित होकर सामाजिक कार्यों में रुचि दिखाना चाहिए ताकि आगे चलकर हम एक उन्नत समाज एवं राष्ट्र का निर्माण कर सके, बता दें कि पुरूषोतम प्रधान और मुस्तफ़ीज आलम पिछले ग्यारह वर्षों से रक्तदान सेवा समिति छत्तीसगढ़ का संस्थापक के रूप में सेवा दे रहे हैं, जो समिति आज लगभग 90 हज़ार ब्लड के ज़रूरतमंद मरीज़ो निःशुल्क ब्लड अथवा रक्तदाता उपलब्ध कराते आ रहे हैं, इसके साथ दोनों समाजसेवक अन्य क्षेत्रों में अपनी जनसेवा का योगदान देते रहते हैं, पुरुषोत्तम प्रधान और मुस्तफ़ीज आलम रक्तदान सेवा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुके हैं और इनके टीम अथवा समिति के पास लाखों रक्तदाताओं का नाम, पता, ब्लड ग्रुप का डाटा उपलब्ध है इसी के माध्यम से ब्लड के ज़रूरतमंद मरीज़ों को निःशुल्क ब्लड अथवा रक्तदाता उपलब्ध कराते हैं, पुरुषोत्तम प्रधान ने बताया कि वह रक्तदान क्षेत्र में जनसेवा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र में लोगों के लिए हर तरह से संभव मदद करते रहते हैं क्योंकि उनका मानना है कि लोगों के मुसीबत में काम आना ही सच्ची ईश्वर पूजा है, मुस्ताफ़ीज आलम ने बताया कि रक्तदान सेवा समिति पूरे छत्तीसगढ़ मैं एकमात्र ऐसी समिति है जो विगत ग्यारह वर्षों से ब्लड के ज़रूरतमंद मरीज़ों के साथ प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है यह समिति सबसे पुरानी समिति और विश्वसनीय समिति है लोगों का विश्वास हमारे समिति और हमारी टीम के साथ है और हम आगे चलकर शासकीय ब्लड बैंक के लिए एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजन करेंगे।

# कर वसूली नहीं करने की कलेक्टर के आदेश ने जीता सैकडो लोगो का दिल

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जल संरक्षण को मद्दे नजर रखते कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जल शक्ति अभियान के तहत जिले में किए रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की कलेक्टर ने बैठक में जल संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे प्रयास एवं कार्य योजनाओं की जानकारी ली साथ ही केंद्र सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे गतिविधियों की भी जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग एस के बर्मन ने बैठक में बताया कि जल संरक्षण के लिए जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल बचाने जागरूक



किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने जल स्रोतों के बचाव एवं वाटर लेवल बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही वर्षा जल बचाव के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी शासकीय भवनों में लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आमजनों को भी अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने जल स्रोतों के नियमित रखरखाव एवं जल बचाव के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित आरईएस, कृषि एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी जल स्रोतों की पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने कहा की पहले जल स्रोत के रूप में उपयोग होने वाले ऐसे संरचनाएं जिसमें अब पानी कम हो गया हो, ऐसे जल संरचनाओं की पहचान कर वाटर रिचार्ज एक्टिविटी संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम पानी वाले क्षेत्रों खासकर देवभोग क्षेत्र में विशेष कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे पानी की कमी वाले इलाकों में राहत मिल सके जी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जल संरक्षण के कार्यों को गंभीरता पूर्वक संचालित करने तथा जल जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल संचय एक जनभागीदारी अभियान के तहत जिले के सभी जल स्रोत संरचनाओं का ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इस कार्य को गंभीरता पूर्वक करते हुए समय सीमा में ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने दीपावली के अवसर पर दिए बेचने वाले स्थानीय ग्रामीणों एवं कुम्हारों को प्रोत्साहित करने के लिए संवेदनशील कदम उठाया है उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में ग्रामीणों द्वारा दिए आदि बेचने वाले दुकानों से कर वसूली नहीं करने के आदेश जारी किए है इससे कुम्हार एवं स्थानीय ग्रामीणों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा बिना कर चुकाए अपनी सामान बेच पाएंगे कलेक्टर के जारी फरमान के बाद कुम्हारो मे काफी ज्यादा खुशी देखने को मिला कई कुम्हार तो कलेक्टर को दिल जीतने की बात कह रहे हैं ।

# सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए गोविंद साहू




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कोपेड़ीह, हंचलपुर में सात दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे कुल 49 क्रिकेट टीमों ने भाग लिया, जिसमे प्रथम स्थान पाटन इलेवन, द्वितीय स्थान यंग स्टार गातापार, तृतीय स्थान डुडेरा इलेवन ने प्राप्त किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू शामिल हुए। उन्होंने सभी लोगों को दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की एवं विजयी टीम के खिलाड़ियों को सम्मान राशि एवं शील्ड प्रदान कर बधाई दी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डोमेलाल सरपंच, फत्तेलाल साहू पचपेड़ी, राजा बंजारे, दाऊलाल कुर्रे, नोहर चंदेल, हरिराम, कमलेश जांगड़े, क्रिकेट टीम के अध्यक्ष महेश कुमार माथुर, उपाध्यक्ष कालु रात्रे एवं आयोजन समिति तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# दीपावली में धमतरी पुलिस के 3 आरक्षको को मिली दोहरी खुशी, पुलिस सब इंस्पेक्टर एवं पीसी में हुआ चयन

### एसपी आंजनेय ने तीनों चयनित आरक्षकों को बधाई देते हुए दी उज्जवल भविष्य की कामना

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा धमतरी जिले में पदस्थ तीन आरक्षकों को उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर के पद पर चयन होने पर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इन आरक्षकों में भूपेश कुमार वर्मा एवं जय प्रकाश कोर्राम का चयन उप निरीक्षक पद के लिये एवं सागर मिश्रा का चयन प्लाटून कमांडर के पद पर हुआ है। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा



दिपावली की बधाई के साथ साथ चयन हुए तीनों आरक्षकों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, उप पुलिस अधीक्षक भावेश साव, निरीक्षक अखिलेश शुक्ला, प्रआर डिगेश शर्मा, आर राजकुमार शुक्ला सहित सभी ने चयनित आरक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दिये।

# कलेक्टर ने बाजार जाकर खरीदें मिट्टी की दिये,कुम्हारों का बढ़ाया उत्साह

## पर्यावरण का रखें ख्याल, कुम्हारों एवं महिला स्व सहायता समहू द्वारा बनाये जा रहें दिये का ही करें उपयोग

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी जिला वासियों को धनतेरस सहित दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं संदेश दिए है। उन्होंने इस मौके पर उन्होंने स्थानीय बाजार में पहुंचकर कुम्हारों से मिट्टी के दिये एवं ग्वालिन खरीद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आस पास के बिक्री करने वाले कुम्हार परिवारों से हाल चाल का जायजा लेते हुए व्यापार के संबंध में जानकारी हासिल किया। बलौदाबाजार निवासी कृष्णा पांडे ने कलेक्टर को बताया कि दिये की बिक्री अच्छी हो रही है। नगर पालिका के द्वारा भी किसी प्रकार का टेक्स नहीं लिया जा रहा है। मिट्टी के



बर्तन बनाने के बहुत समय से इलेक्ट्रॉनिक चाक नहीं मिलने की बात बताई गई जिस पर कलेक्टर ने कहा कि हम कुम्हारों को माटी कला बोर्ड के माध्यम से जिले के कुम्हारों को इलेक्ट्रॉनिक चाक देने की तैयारी कर रहे है। इसके लिए आवश्यक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस मौके पर उन्होंने जिले वासियों से कहा दीपावली देश के बड़े त्यौहार में से है। दीपावली में आर्थिक गतिविधियां तेज़ होती है। अनेक से छोटे-बड़े समुदाय इसे बड़ी आस भरी नजरों से देखते है। दीपावली के दौरान घरों में दीये एवं लाइटों का उपयोग बड़ी सँख्या में करतें है। इन वस्तुओं में विदेशी वस्तुओं का उपयोग ना ही करें। उनकी जगहों में हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। जिले में बड़ी सँख्या में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये एवं महिला स्व सहायता समुहों द्वारा भी दिये बड़ी सँख्या में बनाये जा रहें है। आप सभी इन्हीं दियों का ही उपयोग करें। इनसे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। अतः आप सभी से आग्रह है आप ऐसे ही दीयों का उपयोग करें। इसके साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश मे पटाखा का उपयोग निर्धारित समय मे रात 8 से 10 बजें तक का ही करें।

### कुम्हारों का न हो तकलीफअलग से आदेश जारी

दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों के द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है। मिट्टी के दीये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण ध्यान रखा जावे। नगरपालिका/ नगर पंचायत क्षेत्र में इनसे किसी प्रकार की कर की वसूली न किया जावे। साथ ही आमजन को दीये के उपयोग के लिए प्रोत्साहित भी किया जावे। उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का किया रवाना,जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर-एसपी ने लगाई दौड़

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल शासकीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा चक्रपाणि स्कूल से नगर भ्रमण होते हुए आउटडोर स्टेडियम तक आयोजित एकता दौड़ में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग के



अधिकारीयों-कर्मचारियों सहित सभी शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी शालाओं के छात्र- छात्राओं और गणमान्य नागरिको सहित मिडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलेक्टर दीपक सोनी ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। साथ ही दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की राष्ट्रीय एकता में उत्कृष्ट योगदान पर उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि देश को एकजुट करने में सरदार पटेल का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बटे हुवे भारत देश को एक कर नए भारत निर्माण में योगदान दिया है। सोनी ने कहा कि एकता और संवेदनशीलता के साथ ही एक अच्छे समाज का निर्माण करते हुवे देश को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी लोंगों को एकता की भावना का परिचय देते हुए देश के विकास में योगदान देने की बात कही। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर दिप्ती गौते,जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एडिशन एस पी अभिषेक सिंह,सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला खेल अधिकारी श्रीमती प्रीति बंछोर बिजौरा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य के एस तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर,डिप्टी कलेक्टर,एसडीएम अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी,युवा छात्र-छात्राए विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रामू रोहरा के प्रयास से नगर पंचायत आमदी को मिली लाखों की सौगत

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत आमदी को भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा के प्रयास से लगभग 35 लाख के कार्यों की स्वीकृति मिली है। स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत आमदी हर्ष की लहर हैं। ज्ञात हो कि रोहरा के प्रयास से नगर निगम धमतरी को भी विकास कार्यों के लिए करोडों रूपये के फंड की प्राप्ति हुई थी। रोहरा ने नगर पंचायत आमदी को मिले फंड के लिए मुख्यमंत्री साय व नगरीय प्रशासन मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया है। विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने नगर पंचायत आमदी के अध्यक्ष सहित मुरारी यदु, अमन राव, कोमल यादव, महामंत्री, अध्यक्ष हेमन्त माला, तेज राम साहू उपाध्यक्ष, उमानंद कुंभकार सभापति, लखेश्वरी साहू सभापति, प्रेम साहू पार्षद, सुनीता साहू पार्षद, लक्ष्मी जितेन्द्र पटेल पार्षद, किशोर कुंभकार नीलकंठ साहू, प्रेम शंकर साहू, नारायण मटियारा, श्रवण साहू, दिनेश गेडाम, जितेन्द्र पटेल, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा का अभार व्यक्त किया है।

# जिले भर में कांग्रेसियों ने किया मुख्यमंत्री व गृह मंत्री का पुतला दहन, मृतक गुरु चंद मंडल मामले को लेकर जल रहा बलरामपुर

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना बलरामपुर में पुलिस हिरासत में हुई गुरुचंद मंडल की मौत की घटना के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजपुर के द्वारा स्थानीय सब्जी मार्केट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। तत्पश्चात सभी कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए एक स्वर में कहा कि उक्त घटना की जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराई जाए। पुतला दहन के दौरान पुलिस से झूमा झटकी के बीच मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया। और जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष व जिला प्रवक्ता सुनील सिंह, महामंत्री जितेंद्र गुप्ता, खोरेन खलखो, पुरनचंद जायसवाल, राम बिहारी यादव, नीरज तिवारी, बृजेश मिश्रा, राहुल भारती शिवकुमार, आलोक सिंह, पंकज ठाकुर, देवबली, विकास यादव, आदित्यविभु, तेज प्रताप सिंह, पिंटू रवि सहित अन्य मौजूद थे। वही रामानुजगंज के लरंगसाय चौक में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह के नेतृत्व में बलरामपुर के कोतवाली थाना में गुरु चंद मंडल की संदिग्ध परिस्थितियों हुई मौत को लेकर पुतला दहन किया गया। वहीं उक्त घटना को हत्या करार देते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए बर्खास्त की कार्रवाई करने की मांग कि गई। वहीं अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनने के बाद से पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति दयनीय हो गई है जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है? पीड़ित व्यक्तियों के साथ कार्रवाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है और अब तो स्थिति यहां तक बिगड़ चुकी है कि पीड़ित पक्षकारों को इतना पीटा जा रहा है कि उनकी जान तक चली जा रही है। सुशासन की सरकार का नारा देकर आम जनता से वोट प्राप्त करने वाली भारतीय जनता पार्टी हर मोर्चे पर फेल नजर आ रही है। प्रतीक सिंह ने कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार से घटना हुई वह निश्चित रूप से पुलिस के द्वारा आत्महत्या करार देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है राज्य सरकार को तत्काल मजिस्ट्रेट जाँच कराकर दोषीयों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करना चाहिए। इस दौरान डॉ दिनेश यादव, व्यास मुनि यादव, नीरज गुप्ता, निशांत चौबे, गौतम सोनी, नसीम अंसारी, शिव शंकर सोनी, गौतम गुप्ता,रिजवान अंसारी, कृति व्रत मंडल, टी एस यादव,मुबारक अंसारी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ससुराल में 95 हजार का गांजा छिपाकर रखने का आरोपी नीलम लकड़ा तुमला पुलिस के हत्थे चढ़ा

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम जोरण्डाझरिया लारीपारा में रहने वाला नीलम लकड़ा जो काफी दिनों से अपने ससुराल में रह रहा है एवं अपने ससुराल के घर में खपाने के उद्देष्य से अवैध रूप से गांजा को रखा है।

इस सूचना पर थाना तुमला से निरीक्षक कोमल नेताम के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल कार्यवाही हेतु रवाना किया गया, टीम द्वारा उक्त संदेही व्यक्ति के घर जाकर गांजा रखने के संबंध में पूछताछ करने के उपरांत बारीकी से तलाशी लेने पर उसके घर के एक हिस्से से



प्लास्टिक बोरा में रखा हुआ 07 अलग-अलग पैकेट में कुल 09 किलो 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिलने पर गांजा को जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त मादक पदार्थ गांजा को खपाने एवं विक्रय करने के उद्देष्य से अपने पास रखना बताया। आरोपी नीलम लकड़ा उम्र 35 साल निवासी मेण्डेर का कृत्य धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत् अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम को नगद ईनाम देने की घोषणा की गई है। विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक कोमल नेताम, आर. 478 सुजीत खाखा, आर. 711 सुरेष मिंज, आर. 751 बेनेदिक तिग्गा, आर. 665 रामवृक्ष राम, सै. बेनूधर बारिक का योगदान रहा है।

## शासकीय उचित मूल्य की दुकान राजपुर के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली ।** विकासखण्ड लोरमी के ग्राम राजपुर में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन स्वामित्व रिक्त होने पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि शाख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियां 08 नवंबर तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने किया किसानों के खेतों तक पहुंचकर रकबा-खसरा सत्यापन कार्य का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर ने विकासखंड मुंगेली के ग्राम खपरी में किसानों के खेत तक पहुंचकर जिले में चल रहे रेंडम रकबा-खसरा सत्यापन कार्य का निरीक्षण किया और रकबा सत्यापन की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने किसान साहिद खान के खेत में जाकर वास्तविक रकबे का खसरा एवं नक्शा से मिलान कर सत्यापन किया और अपने समक्ष पंचायत सचिव से धान व रकबा का भौतिक सत्यापन एप में एंट्री कराया। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार खसरा क्रमांक एवं वास्तविक रकबे में लगाए गए फसल की सही जानकारी दर्ज कर ऑनलाईन प्रविष्टि को प्राथमिकता से करने के निर्देश



दिए। कलेक्टर ने कहा कि रकबे के आधार पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर किसानों को लाभ दिया जाता है। इसके लिए वास्तविक कृषक, उनके सही रकबे व उसमें लगाई गई फसल का सत्यापन होना आवश्यक है। यह शासन के दृष्टिकोण एवं किसानों के लिए बेहतर है। इस कार्य के लिए राजस्व अधिकारियों को बेहतर सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए कोचियों एवं बिचैलियों के झांसे में नहीं आने की अपील की। गौरतलब है कि किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके पूर्व किसानों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है। इसके तहत पटवारी द्वारा गिरदावरी के अनुसार जिस खसरा नंबर भूमि पर धान बोया गया है, वहां जाकर फसल के साथ वे अपनी लाइव फोटो लैटिट्यूड एवं लांगीट्यूड के साथ खींचकर उसे विभाग के पीवी एप में अपलोड कर रहे हैं। पटवारी को भौतिक सत्यापन के लिए चयनित गांव में जाकर एप के जरिए खसरा नंबर की फसल का अलग-अलग कोण से अपनी फोटो के साथ दो फोटो खींचनी है।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ''रन फॉर यूनिटी'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आज ''रन फॉर यूनिटी'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय स्थित आगर खेल परिसर से जिला कलेक्टोरेट तक स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्कूली छात्र-छात्राओं ने एकता दौड़ लगाई। यह रैली दाउपारा चैक होते हुए जिला कलेक्टोरेट पहुंची, जहां जनदर्शन कक्ष में कलेक्टर राहुल देव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आजादी के बाद देश के रियासतों का एकीकरण किया, इसीलिए उनके जन्मदिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कलेक्टर ने लोगों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए एकजुट होकर योगदान देने की बात कही। पुलिस अधीक्षक





ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री रहे। उन्होंने भारत के रियासतों के एकीकरण के लिए कार्य किया। जब भारत आजाद हुआ था तब देश 500 से ज्यादा रियासतों में बंटा था। इन्हें भारत में मिलाने में सरदार पटेल ने सबसे अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सही मायने में श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम मन, वचन और कर्म से देश की अखण्डता एवं एकता के लिए कार्य करेंगे। वनमंडलाधिकारी संजय यादव ने कहा कि हम एक जिम्मेदार नागरिक हैं। आज के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से कई अराजक तत्व देश की एकता और अखण्डता को भंग करने का प्रयास करती है। ऐसे मैसेज को शेयर एवं फॉरवर्ड न करें। जिले में सामाजिक एकता एवं समरसता बनी रहे। अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर पर दीपावली पर्व के अवकाश के कारण एकता दिवस आज मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब आपस में एकजुट रहें और एकता बनाए रखें। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को एकता का संदेश देना है। जो हमें जाति, धर्म एवं समुदाय में बांटने की कोशिश करते हैं, हमें उन ताकतों को हराना है।

# द्रोपती देवी केदारनाथ अग्रवाल फाउंडेशन की अनुकरणीय पहल दीपावली पर्व पर मिठाइयां एवं दिए बाती का किया वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ सक ती
www.dailypioneer.com

सामाजिक एवं रचनात्मक कार्य करने वाली द्रोपती देवी केदारनाथ अग्रवाल फाउंडेशन ने दीपावली पर्व पर गरीब परिवारों को मिठाइयों का एवं दिया तेल तथा बाती का वितरण किया है, फाउंडेशन के डायरेक्टर अजय अग्रवाल ने अपने फाउंडेशन के सदस्यों के साथ लगभग 300 परिवारों को मिठाइयों का एवं तेलवाती तथा दीपक का वितरण किया है. एवं अजय अग्रवाल का कहना है कि दीपावली का पर्व खुशियों का त्यौहार है, तथा इस त्यौहार को सभी गरीब परिवार भी पूरी खुशियों के साथ एवं आनंद के साथ मना सके, इस दिशा में उनके फाउंडेशन ने यह नेक पहल की है,





विभिन्न गरीब मोहल्ले में जाकर इस सामग्री का वितरण किया जा रहा है,तथा सभी को दीपावली पर्व की बधाई भी प्रेषित की है, द्रोपती देवी केदारनाथ अग्रवाल फाउंडेशन कि पहल का जहां लोगों ने स्वागत किया है, तो वहीं इस फाउंडेशन के द्वारा विगत दिनों खोकसा में स्थित वृद्ध आश्रम एवं मानसिक दिव्यांग आश्रम में बड़ी फ्रिज भी डोनेट की गई थी।


## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित

छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम (छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी)

// दीपावली में अतिरिक्त विद्युत शिकायत केन्द्र स्थापित किये जाने की सूचना //

सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। दीपावली के पावन पर्व पर बालोद संभाग में विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाये रखने हेतु दिनांक 31.10.2024 एवं 02.11.2024 को संध्या 04.00 से रात्रि 12.00 बजे तक विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु निम्नांकित अतिरिक्त अस्थायी शिकायत केन्द्र की स्थापना की गई है। अतः समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से निवेदन है कि निकटतकम शिकायत केन्द्रों में अपनी विद्युत अवरोध संबंधी शिकायत दर्ज करवा कर त्वरित निराकरण करावें। नियमित शिकायत केन्द्र यथावत रहेंगे ।

| क्र. | शिकायत केन्द्र स्थल का नाम | संपर्क क्रमांक (दूरभाष/मोबाईल) | कर्मचारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत वितरण केन्द्र बालोद (श) | 6232945233 | नियमित केन्द्र |
| 01 | 33/11 उपकेन्द बालोद | 6232944683 | श्री मनोज ठाकुर |
| 02 | मधु चौक, लोहारा रोड, बालोद | 6232944680 | श्री कोमल सिंह ठाकुर |
| 03 | गंजपारा, बालोद | 6232944681 | श्री नोहर लाल निर्मलकर |
| 02 | विद्युत वितरण केन्द्र, दल्ली राजहरा | 6232945204 | नियमित केन्द्र |
| 01 | गुप्ता चौक, दल्ली राजहरा | 8120902498 | श्री इन्द्र कुमार मेश्राम |
| 02 | फौव्वारा चौक, दल्ली राजहरा | 9589958181 | श्री राजेश बारसागढ़, FOC गेंग |
| 03 | शहीद वीर नारायण चौक, दल्ली राजहरा | 8839362050 | श्री लोमेश ठाकुर |

''दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ''

''कृपया विद्युत लाइनों से छेड़छाड़ न करें एवं इसके आसपास आतिशबाजी न करें, यह आपके जीवन के लिए खतरनाक हो सकता है।''

''स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा की बचत कीजिये।''

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.रा.वि.वि.कं.मर्यादित,बालोद


# नाबालिक किशोरी को अश्लील वीडियो बनाने पर मजबूर करने वाले आरोपी को 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश बी आर साहू ने नाबालिग बालिका के साथ लैंगिक आशय से उत्पीड़न करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक साधन से उसकी अश्लील वीडियो बनाकर भेजने का प्रस्ताव देने वाले तथा नाबालिक बालिका को उत्पीड़न कारित करने के आशय से उसके शरीर का अश्लील वीडियो भेजने की धमकी देकर उसके शरीर का अश्लील फोटो प्रदर्शित करवाने एवं नाबालिक किशोरी से अश्लील वीडियो को टेलीग्राम के माध्यम से अपने मोबाइल फोन पर प्राप्त करते हुए नाबालिक बालिका का उपयोग अश्लील प्रयोजन के लिए करने वाले आरोपी के विरुद्ध आरोपित अपराध संदेह से परे प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी को 4 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है. विशेष लोक अभियोजक पोक्सो राकेश महंत ने बताया कि 14 वर्ष 6 माह की नाबालिक अभियोक्त्री को आरोपी ने बोला था कि तुम अपने अश्लील वीडियो बनाकर मेरी मोबाइल में भेजना और उसे यह भी बोला था कि यदि तुम अपनी अश्लील वीडियो बनाकर नहीं भेजोगे तो मैं जहर खाकर मर जाऊंगा। जिसके कारण नाबालिक बालिका ने अपनी अश्लील वीडियो बनाकर अपने घर के मोबाइल से अश्लील वीडियो को आरोपी के मोबाइल में भेजी थी। नाबालिक बालिका के पिता को अश्लील फोटो वीडियो की जानकारी होने पर नाबालिक बालिका से पूछताछ करने पर उसने संपूर्ण बातें अपने पिता को बता दी। उसके पश्चात आरोपी के खिलाफ थाना शक्ति में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया। थाना शक्ति द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज कर संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय शक्ति में पेश किया गया था।

# बैंक खाते से 15 लाख रूपये की ऑनलाईन ठगी, अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के 01 महिला व 02 पुरूष सदस्यों को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

फर्जी बैंक अधिकारी बनकर नंबर पूछकर प्रार्थी के बैंक खाते से 15 लाख रूपये की ऑनलाईन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय ठग गिरोह के 01 महिला व 02 पुरूष सदस्यों को मुगेंली पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया। इस पुरे मामले मे खुलासा के दौरान पुलिस अधीक्षक मुंगेली ने बताया कि फर्जी बैंक अधिकारी बनकर व्व्च् पूछकर प्रार्थी के खाते से पांच मिनट के भीतर ही तीन ट्रांजेक्शन में 15 लाख रूपये की ठगी की थी। मुंगेली जिला के सरगांव निवासी बजरंग साहू द्वारा थाना सरगांव मे लिखित शिकायत दिया गया कि 4 अक्टूबर को इसके भाई योगेश साहू जो कि ज्वाँइंट एकाउंट होल्डर है उसके मोबाइल में किसी अनजान व्यक्ति का फोनकॉल आया जो अपने को बैक



अधिकारी बताया और डेबिट कार्ड में लगने वाला ईयरली चार्ज बंद कराने का झांसा देकर ओटीपी मांगा जिससे इनके ज्वाईन्ट बैंक खाते से 03 बार में 15 लाख रू प य` निकल गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सरगांव में अपराध क्रमांक 153/2024 धारा 318(4) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)

E-mail ID: cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar@gmail.com

क्र/909/लो.नि.वि./न.प./2024-25

अड़भार, दिनांक 29/10/2024

### // प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा नगर पंचायत अड़भार हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रिलिफाफा पद्धति के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित **CGPWD SOR 01.01.2015 (Building/Road)** पर प्रतिशत दर (कम/बराबर/अधिक) पर निविदाएँ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 11/11/2024 समय 5:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 18/11/2024 समय 5:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 29/11/2024 समय 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - 29/11/2024 अपरान्ह 5:00 बजे।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार का श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 2 | वार्ड क्र. 11 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 3 | वार्ड क्र. 14 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 4 | वार्ड क्र. 01 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 5 | वार्ड क्र. 03 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 6 | वार्ड क्र. 11 ठाकुर देव स्थल का उन्नयन कार्य। | 1.65 | 1700 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 7 | वार्ड क्र. 07 मुक्तिधाम उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 8 | वार्ड क्र. 12 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 9 | वार्ड क्र. 08 नाली निर्माण कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 10 | वार्ड क्र. 06 देवांगन सामुदायिक भवन के पास पाईप विस्तार कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 11 | वार्ड क्र. 09 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 12 | वार्ड क्र. 13 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.05 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |
| 13 | वार्ड क्र. 04 सामुदायिक भवन उन्नयन कार्य। | 2.25 | 2500 | 300 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |

1. निविदा के समस्त दस्तावेज एवं निविदा दर प्रपत्र निविदाकारों से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें।
2. निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क अलग-अलग कार्यों के लिए डी.डी./निकाय के रसीद के माध्यम से किया जा सकता है।

**टीप :-** निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते विभागीय वेब साईड http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस/अवधी में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अड़भार


# नगरीय निकायों में मिट्टी के दीये बेचने पर नहीं लिया जाएगा कर दीपावली त्यौहार में मिट्टी के दीए कुम्भकारों से खरीदने की अपील

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्री अरुण साव के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा एक पहल करते हुए मिट्टी के दीये विक्रय पर कर नहीं लगाने को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिसके मुताबिक अब जिले के नगरीय निकायों में दीया विक्रेताओं से कोई कर नहीं लिया जाएगा। कलेक्टर द्वारा एसडीएम, सीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों को जारी आदेश का पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। गौरतलब है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाए जाते हैं तथा इन्हें बाजारों में बेचने के लिए लाया जाता है। मिट्टी के दीया बेचने में ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका भी पूरा ध्यान रखने निर्देशित किया गया है। वहीं कलेक्टर ने कुम्भकारों से मुलाकात के दौरान इसके संबंध में जानकारी दी। कुम्भकारों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कलेक्टर एवं एसपी ने कुम्भकारों से खरीदा दीया, चाक में आजमाया हाथ**-कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय के बड़ा बाजार स्थित कुम्हारपारा पहुंचे। उन्होंने कुम्भकार कन्हैयालाल, भरत कुम्भकार और दुर्गा कुम्भकार के घर पहुंचकर मिट्टी के दीये बनाने की विधि का बारीकी से



अवलोकन किया और लागत मूल्य, विक्रय से होने वाली आमदनी आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कन्हैया कुम्भकार के घर स्वयं चाक में हाथ आजमाकर दिये बनाए। उन्होंने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को सहेज कर रखने वाले कुम्भकारों के कार्यों की सराहना की और उनसे मिट्टी के दीये खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया।

**कुम्भकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिलाने दिए निर्देश**- कलेक्टर ने कहा कि दीपावली त्यौहार छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ प्रमुख त्यौहार है। इस त्यौहार में प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में दीये जलाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कुम्भकार समाज बहुत मेहनती समाज है। उनमें काफी प्रतिभा और हुनर होता है। दीये के साथ बहुत सुंदर मूर्तियों सहित अन्य सामग्रियों का भी निर्माण करते हैं। कलेक्टर ने कुम्भकारों के परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए जिले के प्रत्येक नागरिकों से दीपावली त्यौहार में मिट्टी के दीये सहित मिट्टी के अन्य सामग्री कुम्भकारों से खरीदने की अपील की। उन्होंने कुम्भकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण के साथ लाभ दिलाने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिन कुम्भकारों को चाक उपलब्ध नहीं कराया गया है। उनका सत्यापन कर चाक उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज तक हमने मिट्टी का दीया जलाया था, बनाया नहीं था। आज अपने हाथ से दीया बनाने से पता चला कि दिया बनाना कितना कठिन काम है। हमारे कुम्भकार भाई लोग बहुत मेहनत करते हैं, खेत से मिट्टी लाकर दीया बनाते हैं। इसके लिए विभिन्न प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। मिट्टी के दीये का हमारी परम्परा एवं संस्कृति में बड़ा महत्व है। उन्होंने आमजनों को मिट्टी का दीया उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि कुम्हारों को बेहतर आय एवं रोजगार मिल सके। कुम्हारों ने चर्चा के दौरान बताया कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए उनके द्वारा वृहद मात्रा में दीये का निर्माण किया जा रहा है। इसे बाजार में विक्रय किया जाएगा।

## पश्चिम एशिया

### युद्ध का बढ़ा खतरा

**पश्चिम एशिया** में अनेक मोर्चों पर युद्ध का खतरा बढ़ गया है, हालांकि अमेरिका तनाव घटाने का प्रयास कर रहा है। हाल में ईरान पर इज़राइली हवाई हमलों और बाद में जवाबी कार्रवाइयों ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी टकराव को हवा दी है जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध का विस्तार हो सकता है। ईरानी आक्रमण की प्रतिक्रिया में इज़राइल द्वारा ईरानी सैनिक ठिकानों पर हुए हवाई हमलों में चार ईरानी सैनिकों की मौत हुई है। ईरान के सहयोगी हिजबुल्ला ने फौरन उत्तरी इज़राइल के आवासीय क्षेत्रों में अनेक राकेट दागे जिससे टकराव बढ़ने की संभावना पैदा हो गई है। युद्ध के वर्तमान चरण में आरोप है कि इज़राइली लड़ाकू विमानों ने तेहरान के सैनिक और राडार ठिकानों पर हमले के लिए ईराकी वायुक्षेत्र का प्रयोग किया। इज़राइल इन कार्रवाइयों को ईरान और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों के खतरे को 'निष्प्रभावी' बनाने के नाम पर सही ठहराता है जिनमें लेबेनान के हिजबुल्ला शामिल हैं। ईरान ने इन हमलों को अपनी संप्रभुता पर हमला बताते हुए निन्दा की तथा जवाब देने के अधिकार पर जोर दिया है। अमेरिका ने इज़राइल का समर्थन करते हुए इसकी 'लौह मजबूती' पर जोर दिया है। उसने आगे हमले करने के खिलाफ ईरान को कठोर चेतावनी भी दी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने तत्काल युद्ध रोकने का आह्वान करते हुए हिंसा के अनियंत्रित ढंग से फैलने की आशंका पर चिन्ता जताई है।



इस टकराव का असर लेबेनान पर भी पड़ रहा है जहां से हिजबुल्ला ने उत्तरी इज़राइल पर लक्षित राकेट हमले किए हैं। इससे पश्चिम एशिया की परस्पर जुड़ी राजनीति के संकेत मिलते हैं। शक्तिशाली मिलिशिया हिजबुल्ला के तेहरान से निकट संबंध हैं और वह इस क्षेत्र में ईरान का सबसे मजबूत सहयोगी है। उसकी संलिप्तता से संकेत मिलता है कि यह टकराव संभवत: इज़राइल-ईरान के बीच द्विपक्षीय युद्ध से आगे बढ़ सकता है और इसमें अन्य राज्य व गैर-राज्य कारक भी शामिल हो सकते हैं। इस टकराव में अन्य देशों का शामिल होना खतरनाक होगा। लेबेनान पहले ही राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता की स्थिति से गुजर रहा है, अब वह युद्ध के मैदान में बदल कर पूरे 'लेवांत' को अस्थिर कर सकता है। इसी प्रकार इज़राइली कार्रवाइयों के लिए अपना हवाई क्षेत्र देने में ईराक की कथित संलिप्तता से देश में शिया चरमपंथी संगठन सक्रिय हो सकते हैं। इसके साथ ही ईराक, सीरिया और यमन में ईरान के सहयोगी संगठन भी समन्वित रूप से इज़राइल या क्षेत्र में अमेरिकी हितों के खिलाफ हमले कर सकते हैं। इससे टकराव सीमित करने के प्रयास और कठिन हो जाएंगे तथा अनेक मोर्चों पर असमान युद्ध छिड़ सकता है। इन स्थितियों में तत्काल ऐसे राजनयिक प्रयासों की आवश्यकता है जिनसे स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके। इज़राइल को युद्ध से केवल अमेरिका विरत कर सकता है। वह युद्धविराम के लिए इज़राइल को तैयार कर सकता है। इसके साथ ही अमेरिका इज़राइल व क्षेत्रीय सहयोगियों पर अपने प्रभाव का प्रयोग कर उनको संयम बरतने को कह सकता है। इसके साथ ही वह ईरान को राजनयिक रूप से युद्ध भड़काने से रोक सकता है। वास्तव में, अमेरिका भी युद्ध के विस्तार के खिलाफ है। ऐसे में वाशिंगटन और तेहरान के बीच सीधा संपर्क युद्ध भड़काने वाली गलतफहमियां दूर कर सकता है। इसके अलावा भारत व रूस जैसी अंतरराष्ट्रीय शक्तियां या ओमान जैसी क्षेत्रीय शक्तियां परोक्ष वार्ता के माध्यम से युद्धविराम का प्रयास कर सकती हैं। यह युद्ध हर कीमत पर रोका जाना चाहिए।

# बढ़ते गैस आयात की चुनौती

सरकार द्वारा घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयासों के बावजूद नीतिगत बाधाओं तथा मूल्य सीमा के कारण ऊर्जा क्षेत्र की प्रगति प्रभावित हो रही है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**तेल** एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय-एमपीएनजी के अंतर्गत पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के अनुसार, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली छमाही में सितंबर, 2024 तक प्राकृतिक गैस-एनजी का भारत में उपभोग लगभग 12 प्रतिशत बढ़ा और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 36.850 बिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर-बीपीएमएससीएम पहुंच गया। लेकिन प्राकृतिक गैस या आमतौर से द्रव रूप में आयातित एलएनजी में इसी कालखंड में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 18.975 बीएमएससीएम तक पहुंच गया। उपभोग के प्रतिशत के रूप में यह अप्रैल-सितंबर, 2024 में 51.5 प्रतिशत हो गया, जबकि 2023 के इसी कालखंड में यह 46.8 प्रतिशत था। हालांकि, देश में अप्रैल-सितंबर, 2024 कालखंड में प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 2 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। राज्य स्वामित्व वाले तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी ने इस कालखंड में 9.407 बीएमएससीएम का उत्पादन किया जो पिछले वित्त वर्ष के इसी कालखंड की तुलना में 4 प्रतिशत कम था।

ओएनजीसी का कुल घरेलू उत्पादन में योगदान लगभग 84 प्रतिशत है। लेकिन 8 प्रतिशत योगदान वाले आयल इंडिया लिमिटेड ने इस कालखंड में 4 प्रतिशत अधिक उत्पादन किया और वह 1.577 बीएमएससीएम पहुंच गया। 15 अगस्त, 2021 को राष्ट्र को 75वें स्वतंत्रता दिवस पर संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए गैस-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का आह्वान किया था। तब उन्होंने उम्मीद जताई थी कि कुल ऊर्जा में प्राकृतिक गैस का हिस्सा वर्तमान 6 प्रतिशत से बढ़ कर 15 प्रतिशत हो जाएगा। लेकिन 6 प्रतिशत हिस्से के लिए भी भारत को अपनी प्राकृतिक गैस आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करना पड़ रहा है।

आज भी यह स्थिति नहीं बदली है। कुल ऊर्जा में प्राकृतिक गैस का हिस्सा 15 प्रतिशत करने के लिए इसके उपभोग में वृद्धि कर इसे 184.222 बीएमएससीएम करना होगा, जबकि वर्तमान समय में यह 73.689 बीएमएससीएम है। वर्तमान उपभोग में 35.739 बीएमएससीएम का घरेलू उत्पादन शामिल है। यदि घरेलू उत्पादन वर्तमान स्तर पर ठहरा रहा तो 15 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एलएनजी का आयात बढ़ा कर 148.483 बीएमएससीएम करना होगा। इसका अर्थ है कि भारत को 80 प्रतिशत से अधिक आयात करना होगा और आयात निर्भरता बढ़ेगी। इस गणित में यह अनुमान शामिल है कि कुल ऊर्जा उपभोग में कोई वृद्धि नहीं होगी, लेकिन यह तेज गति से बढ़ रहा है। देश में ऊर्जा की मांग में अगले पांच साल में 7 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की आशा है। इस परिदृश्य में प्राकृतिक गैस का 15 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आयात और बढ़ाना होगा। ऐसे में यह विचार करना उचित होगा कि उत्पादन बढ़ाने में क्या बाधा है।

भारत में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। भारत में 26 'सेडीमेंट्री बेसिन' हैं जिनका विस्तार 3.4 मिलियन वर्ग किलोमीटर है और इनमें हाइड्रोकार्बनों की खोज की जा सकती है। लेकिन इनमें से केवल 6 एसबी में वाणिज्यिक दोहन हो रहा है और वह भी क्षमता से बहुत कम है। हाइड्रोकार्बन दोहन में बहुत अधिक पूंजी लगती है और यह तकनीक-केन्द्रित बिजनेस है जिसमें मुनाफा होने में बहुत लंबा समय लगता है। इसके साथ ही गहरी, बहुत गहरी व उच्च दाब तथा उच्च तापमान पर दोहन क्षेत्रों में ड्रिलिंग बहुत जोखिम भरी होती है। यह बात खासकर कृष्णा-गोदावरी-केजी बेसिन जैसे क्षेत्रों के बारे में लागू होती है। लेकिन इन क्षेत्रों में ही अधिकतम भंडार होने की आशा है। एक्सानमोबिल, चेवरान, टोटल, आदि बहुराष्ट्रीय कंपनियों-एमएनसी के पास ऐसी तकनीक और संसाधन हैं। इनको भारतीय हाइड्रोकार्बन क्षेत्रों में दीर्घकालीन बोली बोलने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार को उनको 'टिकाऊ' आधार पर आकर्षक मुनाफों का प्रस्ताव देना होगा। इसके लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि एनजी क्षेत्रों में खोज व विकास के लिए उनके सामने कोई नियामकीय बाधा न हो और वे 'मुनाफे' वाली कीमतों पर गैस बेचने के लिए 'स्वतंत्र' हों। मोदी सरकार ने अब तक नियामकीय बाधायें दूर करने में काफी प्रयास किए हैं। अभी हाल तक सुरक्षा कारणों से कुल 1.73 मिलियन वर्ग किलोमीटर आफशोर समुद्री क्षेत्रों में से 0.69 मिलियन वर्ग किलोमीटर में 'अनुमति नहीं' थी।

केन्द्र ने लगभग इस पूरे क्षेत्र को दोहन एवं उत्पादन गतिविधियों के लिए खोल दिया है। अब वह आबंटित क्षेत्रों के पूरे आर्थिक जीवन के लिए पट्टे के अधिकार दे रहा है। इसका विस्तार 30 साल तक हो सकता है और उपलब्ध भंडार के आधार पर इसका विस्तार भी किया जा सकता है, जबकि पुरानी व्यवस्था में यह समय तथा विस्तार का समय बहुत कम था। सरकार ने वन संरक्षण कानून में भी संशोधन कर हाइड्रोकार्बन खोज के लिए त्वरित पहुंच की व्यवस्था की है। इसके लिए 'हाइड्रोकार्बन एक्सप्लोरेशन एंड लाइसेंसिग पालिसी'-हेल्प जारी की गई है जिसे 'ओपेन एकरेज लाइसेंसिंग पालिसी'-ओएएलपी, 2017 भी कहा जाता है। इसके लिए फर्मों को अपनी पसंद का क्षेत्र चुनने का अवसर भी दिया गया है, जबकि पहले उनको सरकार द्वारा प्रस्तावित क्षेत्र स्वीकार करना होता था। इसके साथ ही ओएएलपी के अंतर्गत आपरेटर को समग्र लाइसेंस दिया जाता है जिसमें हाइड्रोकार्बन के सभी रूपों की खोज की अनुमति होती है, फिर चाहे वे प्राकृतिक गैस हों, 'शेल गैस' या कोल बेड मीथेन-सीबीएम आदि हों। लंबे समय से खोज एवं उत्पादन कंपनियां जटिल प्रक्रियाओं का शिकार थीं जिनमें अनेक अनुमतियों, नौकरशाही लाल फीताशाही, आदि का हर चरण पर हस्तक्षेप होता था। एनईएलपी के अंतर्गत क्षेत्र आबंटन प्राप्त करने वाली कंपनियों को 37 प्रक्रियाओं का पालन करना होता था।

'टीम मोदी' ने इस मामले में काफी उदारीकरण कर नौकरशाही अनुमतियों को समाप्त किया है तथा दस्तावेजों के स्वयं प्रमाणन एवं क्षेत्रों की पूर्व अनुमति स्वीकृति को लागू किया है। हालांकि, इन कदमों से सहायता मिली है, पर मार्केटिंग की स्वतंत्रता तथा अच्छी कीमतें पाने के आश्वासन के बिना ईएंडपी फर्में उत्साहित नहीं हैं। तथाकथित 'लीगेसी फील्डों' पर ओएनजीसी व ओआईएल का प्रभुत्व है और ये दो तिहाई घरेलू सप्लाई के जिम्मेदार हैं। केन्द्र सरकार का इस पर पूरा नियंत्रण है कि सप्लाई 'किसे' और 'किस कीमत' पर दी जाएगी। 1 अप्रैल, 2023 से किरीट पारिख कमेटी की संस्तुतियों के अनुसार यह कीमत प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट-बीटीयू के आधार पर निर्धारित की जाती है। इसका निर्धारण भारतीय कच्चे तेल बाजार के मासिक औसत के आधार पर होता है और हर महीने इसका नवीनीकरण होता है। इस प्रकार निर्धारित कीमत की सीमा प्रति एमबीटीयू 6.50 डालर है जिससे यह फार्मूला बेकार हो गया है। अब नौकरशाहों ने ओएनजीसी व ओआईएल द्वारा की गई सप्लाई पर 20 प्रतिशत प्रीमियम की घोषणा की है जो केवल 'न्यू वेल्स' या 'वेल इंटरवेंशन्स' पर लागू होगी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या वे मूल्यों पर सीमारोपण कर अच्छी कीमतें देना चाहते हैं? इसके साथ ही 'न्यू वेल्स' या 'वेल इंटरवेंशन्स' का निर्धारण पूर्णत: उनके विवेकाधिकार पर निर्भर करेगा। इस प्रकार कृष्णा-गोदावरी व आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियां भी इनके दायरे में आ जाती हैं। ऐसे में तत्काल 'अनुमान योग्य' व 'आकर्षक' नीतिगत हस्तक्षेप की जरूरत है ताकि प्राकृतिक गैस की खोज और उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके। किरीट पारिख समिति को ऐसी भावी समस्याओं का अनुमान था और उसने जटिल गैस क्षेत्रों को 1 जनवरी, 2026 तक 'वि-नियमित' करने तथा लीगेसी क्षेत्रों से 1 जनवरी, 2027 से मूल्य नियंत्रण हटाने का सुझाव दिया था। सरकार को इन संस्तुतियों को लागू करना चाहिए। इसके साथ ही उसे प्राकृतिक गैस के बड़े उपभोक्ताओं को सीधे सब्सिडी देने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि सप्लाई श्रृंखला में प्राकृतिक गैस जैसी आधारभूत चीजों का मूल्य-नियंत्रण न करना पड़े।

# दैवीय ऊर्जा की तलाश

"इस दिवाली को शक्तिशाली शक्तियों से जुड़ने का समय बनाएं, उनकी उपस्थिति को अपनाकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा को समृद्ध करें।"

**अश्विनी गुरुजी**
(लेखक, आध्यात्मिक गुरु हैं)



**ब्रह्मांड** विभिन्न शक्तियों (दिव्य ऊर्जा) के प्रभाव में संचालित होता है। जैसे-जैसे कोई योगिक अभ्यास (साधना) में आगे बढ़ता है, इन ऊर्जाओं को सीधे अनुभव किया जा सकता है। 365 दिनों में से प्रत्येक दिन एक विशिष्ट शक्ति से जुड़ा होता है, यही कारण है कि योग में अनुशासन और नियमित दैनिक अभ्यास बनाए रखना महत्वपूर्ण है। एक भी दिन छूट जाने से उस दिन की शक्ति के साथ संबंध टूट सकता है, जिससे संभवत: पूरे वर्ष की साधना पीछे रह सकती है। ब्रह्मांड में, हर तत्व आपस में जुड़ा हुआ है, इसलिए जब एक पहलू की उपेक्षा की जाती है, तो यह सब कुछ प्रभावित करता है - हमारा शरीर, पृथ्वी और यहां तक कि अन्य ग्रह और तारे भी। प्रत्येक शक्ति एक दिन से जुड़ी होती है, लेकिन इन ऊर्जाओं तक पहुँचने के लिए अनुष्ठानों की आवश्यकता नहीं होती है। योगिक और तांत्रिक परंपराओं में, केवल साधना ही शक्ति से जुड़ने की कुंजी है। प्रत्येक शक्ति के रूप (स्वरूप) को समझना आवश्यक है। जबकि हर रूप का एक विशिष्ट नाम होता है, नाम केवल तभी प्रकट होते हैं जब शरीर विशेष साधनाओं के माध्यम से तैयार हो जाता है। बुनियादी स्तर पर, जब आप अपने गुरु के साथ ध्यान करते हैं, तो आप उनमें अलग-अलग रूप देख सकते हैं, जैसे कि सूर्य या चंद्रमा। क्या आपने कभी सोचा है कि ये रूप क्या दर्शाते हैं?

कई साधकों ने ध्यान के दौरान सूर्य को देखने की बात कही है। सूर्य को इतना महत्वपूर्ण क्या बनाता है? यदि आप मणिपुर चक्र (नाभि केंद्र) पर ध्यान केंद्रित करते हुए और राम मंत्र का जाप करते हुए सूर्योदय या सूर्यास्त के समय सूर्य को देखते हैं, तो आप अपने शरीर में एक चमक उभरती हुई देखेंगे। एक महीने के भीतर, आप स्पष्ट रूप से अलग दिखने लगेंगे। हालाँकि, सावधानी का एक शब्द- किसी भी योगिक अभ्यास को एक गुरु के मार्गदर्शन में किया जाना चाहिए जो इसे आपकी क्षमता के अनुसार अनुकूलित कर सके। इसी तरह, चंद्रमा एक आकर्षक ऊर्जा स्रोत है। यह केवल सूर्य के प्रकाश को दर्शाता है, फिर भी यह पूर्णिमा के दौरान ज्वार और यहाँ तक कि पृथ्वी की सतह को भी प्रभावित कर सकता है। क्या आपने कभी सोचा है कि चंद्रमा को क्या खास बनाता है? पूर्णिमा की रातों में, जानवर आक्रामक व्यवहार कर सकते हैं, और दुर्घटनाओं और संघर्षों की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। ये केवल बुनियादी अवलोकन हैं जो इन खगोलीय रूपों के बारे में कुछ गहरी बात का संकेत देते हैं। उनके वास्तविक स्वरूप को समझने के लिए प्रत्यक्ष अनुभव की आवश्यकता होती है, जो सनातन क्रिया के उचित अभ्यास से प्राप्त किया जा सकता है। चंद्रमा शांत और शांतिपूर्ण लग सकता है, लेकिन यह वास्तव में सूर्य की तुलना में अधिक अस्थिर है। जब आप गुरु के मार्गदर्शन में चंद्रमा का निरीक्षण करते हैं, तो आप इसके रूप में निहित मंत्रों को समझ सकते हैं। कुछ शक्तियाँ सीधे दिखाई नहीं देती हैं और केवल अन्य शक्तियों के माध्यम से ही उन तक पहुँचा जा सकता है। ये अनुभव योग की नींव बनाते हैं। प्रत्यक्ष अनुभव के बिना, योग अधूरा रहता है। प्रकृति, अपने सभी अजूबों के साथ- विभिन्न रंगों के फूलों से लेकर ऊपर के आकाश तक-शक्तियों के छिपे हुए रूपों को समाहित करती है। यदि आप बिना पलक झपकाए, गुरु के मार्गदर्शन में इन तत्वों का निरीक्षण करते हैं, तो आप पा सकते हैं कि आपके शारीरिक और मानसिक असंतुलन दूर होने लगे हैं। हालाँकि, अनुशासन (नियम) आवश्यक है। अभ्यास निरंतर होना चाहिए, और यदि किसी के पास शक्ति की क्षमता नहीं है या उसका मार्गदर्शन करने वाला कोई गुरु नहीं है, तो व्यवधान उत्पन्न होंगे।



हमारे आस-पास की हर चीज़ में शक्ति का सार होता है, और ये ऊर्जाएँ आसानी से सुलभ हैं। जब कोई व्यक्ति स्थिर हो जाता है और किसी विशेष शक्ति पर ध्यान केंद्रित करता है, तो वह उसका अनुसरण करना शुरू कर देती है, उसके जीवन को सशक्त बनाती है। दिवाली से पहले के नौ दिन विशेष महत्व रखते हैं क्योंकि इस अवधि के दौरान विशिष्ट शक्तियों का जमावड़ा होता है। हमारे पूर्वजों ने इन दिनों के दौरान शरीर को मजबूत बनाने और इन ऊर्जाओं को ग्रहण करने के लिए तैयार करने के लिए ब्रह्मचर्य का पालन करने की सलाह दी थी। इस दौरान, अपने मन को अपने भीतर केंद्रित रखें, क्योंकि इन नौ दिनों के दौरान की गई साधना महीनों के अभ्यास के बराबर होती है। जैसे-जैसे दिवाली नजदीक आती है, खासकर अमावस्या (नए चंद्रमा की रात), जब हम दीये जलाते हैं, यह शक्ति साधना के लिए एक उपयुक्त समय होता है। यहां तक कि एक साधारण व्यक्ति जो एक अनुभवी साधक नहीं है, वह भी ध्यान में आंखें बंद करके बैठकर शक्ति के स्वरूप को देख सकता है। शुद्ध हृदय से, कोई भी व्यक्ति बिना किसी विस्तृत अनुष्ठान के इन दिव्य ऊर्जाओं का अनुभव कर सकता है। इस दिवाली को शक्तिशाली शक्तियों से जुड़ने का समय बनाएं, उनकी उपस्थिति को अपनाकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा को समृद्ध करें।

## आप की बात

### मन की बात

**देश भर में** वर्तमान दौर में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं सुर्खियों मे है। सायबर अपराधी लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर के लाखों रुपए ऐंठ रहे है। देश के इस ज्वलंत मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में उठाते हुए चिंता जताई। उन्होंने जनता से ऐसी घटनाओं से बचने के उपाय और करगर तरीके बताएं। मन की बात में यह प्रकरण उठाना प्रधानमंत्री मोदी की संवेदनशीलता का प्रमाण है। इससे लगता है कि वे जनता के सामने आने वाली समस्याओं से आहत होते हैं तथा उनका पता लगाने के साथ उनके समाधान भी खोजते हैं। इसके पहले शायद ही किसी राजनेता ने प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने के बाद ऐसी संवेदनशीलता का प्रमाण दिया हो। मोदी द्वारा यह मुद्दा उठाने से देश की जनता को विश्वास हो गया है कि जल्द ही साइबर अपराधियों के खिलाफ सभी स्तरों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। विडंबना है कि विपक्ष के शायद ही किसी नेता ने इस ज्वलंत विषय पर ध्यान दिया हो। इस तथ्य पर भी गौर किया जाना चाहिए कि साइबर अपराधियों समेत जब इंटरनेट का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ केन्द्र सरकार कोई कठोर कानून बनाती है तो विपक्षी इसे लेकर चीख-पुकार मचाने लगाते हैं। इंटरनेट का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ कठोरतम कानून बनाना बहुत जरूरी हो गया है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह

### संघ का समर्थन

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा था कि एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, बटेंगे तो कटेंगे।उनके इस वक्तव्य का समर्थन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी किया है। संघ की अखिल भारतीय बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भी कहा है कि अगर हम एक नही हुए तो कटेंगे ही। उन्होंने कहा कि अगर भारत का हिन्दू समाज जाति, भाषा, प्रान्त, अगड़ा, पिछड़ा में बटेगा तो निश्चित ही कटेगा। संघ का समर्थन केवल योगी आदित्यनाथ के बयान के कारण न होकर अतीत की परिस्थितियों से मिले सबक के आधार पर भी है। हिंदुओं को विभिन्न जातियों, भाषाओं, क्षेत्रों व संस्कृतियों के आधार पर बांटकर उनको गुलाम बनाने का प्रयास प्राचीनकाल से ही चल रहा है। मुगलों के बाद अंग्रेजों ने भी यही रणनीति अपनाई थी। आजादी के समय हुआ देश का बंटवारा भी बड़ी सीमा तक हिंदुओं में बिखराव के कारण हुआ था। विडंबना है कि आजादी के बाद जारी तुष्टीकरण व जातिवाद की नीतियों ने हिंदुओं में विभाजन बनाए रखा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश के साथ ही हिंदुओं को एकजुट करने के प्रयास तेज किए हैं। उम्मीद है कि इन प्रयासों को भविष्य में और बल मिलेगा।

– **ललित शंकर**, गाजियाबाद

### मिलावट की मार

**दीपावली** के पहले मिलावटी चीजों पर सरकार ने हर साल की तरह हमला बोला है। कहीं काजू नकली मिल रहे हैं तो कहीं मिठाइयों में कीड़े, कहीं खाने के तेलों में पाम आयल की मात्रा सीमा से अधिक मिल रही है तो कहीं नकली दूध के चर्चे हो रहे हैं। इन सब नकली चीजों से बीमारियां बढ़ने और स्वास्थ्य खराब होने की पूरी संभावना है। हालांकि, दीपावली जैसे त्योहार के पहले खाद्य विभाग तथा विभिन्न स्तरों पर अन्य सरकारी विभागों की कार्रवाई स्वागत योग्य है, लेकिन विडंबना है कि इसके बाद नकली चीजों पर छापेमारी की खबरें विरले ही सामने आती हैं। त्योहारों में मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों की खपत बढ़ जाती है, लेकिन बाकी साल भर भी यह एक स्तर पर बनी रहती है। इसलिए जमीनी स्तर पर खाद्य विभाग को पूरे साल सक्रिय रहना चाहिए। इसके साथ ही पुलिस और खुफिया विभाग को संगठित पैमाने पर बड़े मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई में सहयोग देना चाहिए। देश में जिस प्रकार भांति-भांति के माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाती है, उसी प्रकार मिलावट-माफिया व नकली सामान-माफिया के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई होनी चाहिए। इससे जनता का स्वास्थ्य बेहतर होगा।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### प्रदूषित यमुना

**दिल्ली** में यमुना दूषित होती जा रही है जिस पर सभी समाचार पत्रों एवं टीवी में चर्चा भी जारी है। सभी जानते हैं कि दिल्ली की जनता को इससे पानी की सप्लाई की जाती है। लेकिन स्वयं यमुना का पानी ही साफ नहीं है। कई स्थानों पर झाग के रूप में यमुना नदी की गंदगी ऊपर आ चुकी हैं। यह दिल्ली के वातावरण को भी खराब करता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पहली बार सरकार बनने पर ही कहा था कि हम यमुना को पूरी तरह साफ कर देंगे और उसमें डुबकी लगाएंगे, लेकिन आज तक ऐसा नहीं हो पाया है। अभी हाल ही में दिल्ली बीजेपी के नेता वीरेंद्र सचदेवा ने यमुना के पानी में विरोध स्वरूप डुबकी क्या लगाई, वे गंभीर रूप से बीमार हो गए और उनको अस्पताल जाना पड़ा। यह घटना बताती है कि दिल्ली की यमुना का प्रदूषण इतने बुरे स्तर पर पहुंच गया है। दिल्ली देश की राजधानी है, अत: यहां यमुना के साथ हवा का प्रदूषण देश को सारी दुनिया के सामने नीचा दिखाता है। ऐसे में बयानबाजी छोड़ कर यमुना को स्वच्छ बनाने की जरूरत है।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सवा दो घण्टे मकरासन स्थिति में रहकर कातरो की रितु ने रचा कीर्तिमान, योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग से सम्बध्द उतई क्षेत्र ग्राम कातरो का सक्रिय सामाजिक संस्था कर्मवीर युवा संगठन की कार्यकारिणी सदस्य रितु कुम्भकार ने लगातार 2 घंटे 10 मिनट मकरासन योग की स्थिति में बने रहकर योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया।

कर्मवीर युवा संगठन के संयोजक जितेंद्र सोनी ने बताया रितु कुम्भकार मकरासन में लगातार 2 घण्टे 10 मिनट तक स्थिर रहने वाली विश्व की पहली बेटी है। रितु योग के क्षेत्र में बचपन से ही रुचि रखती है और लगातार सरल से लेकर कठिन योगासनों का अभ्यास करती है। योगा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के संस्थापक एवं निदेशक राकेश भारद्वाज ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर रितु के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने की घोषणा की। रितु के इस उपलब्धि ने कातरो सहित आसपास के युवतियों व युवकों को योग के प्रति आकर्षित किया है और गांव का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है। कर्मवीर युवा संगठन की सदस्य एवं वर्ल्ड रिकॉर्डधारी रितु कुम्भकार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वे योग के लिए शुरुआत से ही अभ्यास करती रहीं है लेकिन उनके योग प्रशिक्षक हिमांशु केसरवानी से वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में अप्रैल में पता चला तो और भी कड़ी मेहनत शुरू कर दी। वह रोज सुबह 4 से 7 बजे तक लगातार मकरासन का अभ्यास करती थी। शुरुआत में ही 30 मिनट स्थाई अभ्यास के साथ शुरू हुई मेहनत 3-4 महीने में ही सवा दो घंटे का स्थाई अभ्यास होने लगा। इस मेहनत ने उसे लांगेस्ट यंगेस्ट एचीवर योगा वर्ल्ड रिकॉर्ड कैटेगिरी में अपना नाम दर्ज कराया। इस उपलब्धि के लिए अपने योग गुरु हिमांशु केशरवानी व कर्मवीर युवा संगठन कातरो के साथ माता देवंतीन बाई एवं पिता चम्पालाल कुम्भकार को दिया है। साथ ही सभी प्रसंशकों एवं शुभकामना देने वालों का आभार व्यक्त किया। नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के दौरान स्वयं उपस्थित होकर साक्षी बने। उन्होंने रितु को उसके लगन और मेहनत की सराहना करते हुए युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया कहा रितु की उपलब्धि ने हम सबको योग के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रितु और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी कहा रितु की कड़ी मेहनत ने ग्राम कातरो को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर ने कातरो की बेटी ने नया कीर्तिमान स्थापित कर समाज को बताया है कि बेटी किसी से कम नहीं है वह सब कुछ कर सकती है। रितु अन्य लड़कियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। रितु के इस उपलब्धि के लिए कर्मवीर युवा संगठन और शौर्य युवा संगठन के सभी पदाधिकारी, ग्राम सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, एनवाईके दुर्ग के सलाहकार आदित्य भारद्वाज, शुभम सोनी, केवल देवांगन, मनीष, देवेंद्र, श्रीकांत, ऋषि साहू, ऋषि देवांगन सहित ग्राम व क्षेत्र के लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

# विधायक ललित चंद्राकर के आईडी से बने दस हजार सदस्य

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों पुरई, धनोरा, उतई, डूमरडीह, कातरों, मातरोडीह, करगाडीह में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने घर घर पहुंचकर भाजपा के विचारों और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को साझा करते हुए क्षेत्रवासियों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। जिससे संगठन को और मजबूती मिली। सभी ग्रामवासियों के सहयोग से यह अभियान एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपने रेफरल आईडी से दस हजार सदस्य को पूर्ण किया। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। इसमें हमारे कई पीढियां की तपस्या रही है। विचारधारा पर आधारित एकमात्र राजनीतिक दल बीजेपी है। हमारी सरकारें अपने विचारों पर आधारित कार्य करती है।

भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है। वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है. हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा. बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है। शासन की योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री राजू जंघेल, सोनू राजपूत, प्रवीण यदु, शुभम वर्मा, करण सेन, कन्हैया साहू, शीतला राजपूत, विमला कामड़े, रूपेश पारख, फलेंद्र सिंह राजपूत, महेंद्र चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिहान बाजार में दीदियों के द्वारा उत्पादित सामग्री लेने के लिए लोगों में काफी उत्साह



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दीपावली पर्व पर संयुक्त कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट में लगाए गए एक दिवसीय बिहान बाजार में कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित जिला अधिकारियों-कर्मचारियों वह स्थानीय नागरिकों एवं आसपास से कामकाज के सिलसिले आए ग्रामीणों और ने बिहान दीदियों द्वारा हाथों से बनाई गई सामग्रियां खरीदी।

इस बिहान बाजार में दीया, रूई की बाती, लक्ष्मी-गणेश भगवान आदि की पोशाक, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और सजावटी सामान के भी स्टॉल लगाए गए थे। जिनकी काफी मांग ग्राहकों में हुई। बिहान बाजार में विभिन्न सामग्रियों की बिक्री हुई कुछ आर्डर बिहान दीदियों को मिला। स्व-सहायता समूह की महिलाएं लगाए गए बिहान बाजार में बिक्री से काफी खुश थी। इस बिहान बाजार में बेमेतरा विकासखण्ड से लगभग 5-6 समूह महिलाओं द्वारा अपने हाथों से बनी सामग्री से लेकर घरेलू सामग्री और सजावटी सामानों के स्टॉल लगाए थे। इन समूह स्टॉलों से अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी दीपावली के उपयोग में आने वाले की पूजा सामग्री खरीदी। इसके अलावा, गणमान्य नागरिकों ने भी अपने जरूरत की सामग्री बिहान बाजार से खरीदी। समूह की महिलाओं का कहना है कि धनतेरस होने के कारण स्थानीय बाजार (मार्केट) होने से काफी लोग नहीं आए। एक दिवसीय बिहान बाजार का आयोजन प्रात 11:00 बजे से प्रारम्भ हुआ।

# अब किसानों को भी मिलेगी फसल कटाई प्रयोग के पंचनामा की प्रति : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में किसानों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में अपनी मांगें और समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। किसानों ने फसल कटाई के प्रयोग के संबंध में आने वाली समस्या के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर वर्मा ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए किसान संघ के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि अब पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी फसल कटाई प्रयोग की ग्राम में पूर्व सूचना देंगें एवं फसल कटाई प्रयोग का पंचनामा तैयार करेंगें। फसल कटाई प्रयोग का ग्राम के प्रमुख को पंचनामा की एक प्रति भी देंगें। इसके साथ ही फसल कटाई प्रयोग का शीघ्र ही डाटा आनलाईन अपलोड करेंगें, जिससे कि किसी भी प्रकार के आरोप, प्रत्यारोप से बचा जा सके। इस दौरान किसानों के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि पटवारियों के द्वारा फसल कटाई प्रयोग में रेण्डम नम्बर से फसल कटाई करते है, जिससे की बीमा कंपनियों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होता है और किसानों को प्राकृतिक प्रकोपों एवं कीट इत्यादि के प्रकोपों से अनावारी अधिक बताए जाने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पाता है। उन्होंने कहा कि फसल कटाई प्रयोग के पूर्व सूचना मिलने से किसान उपस्थित हो सकेंगे और पंचनामा की एक कापी मिलने पर सहूलियत होगी, जिससे किसानों को लाभ होगा। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के प्रमुख पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर सहित अधिकारियों ने लगाई एकता की दौड़




पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वामी करपात्री स्टेडियम में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में शामिल हुए। कलेक्टर वर्मा ने 'रन फॉर यूनिटी' में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आयोजित इस दौड़ को प्रेरणादायक बताते हुए हरी झंडी दिखाई। इस आयोजन का उद्देश्य सभी को एकजुट होकर देश की प्रगति में योगदान देने और फिटनेस के महत्व को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस इस वर्ष 29 अक्टूबर को ही मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित जिला अधिकारी, स्वामी विवेकानंद एकेडमी के छात्रों ने भी एकता दौड़ लगाई।

# पुलिस द्वारा दीपावली त्यौहारो के दौरान सराफा मार्केट, बैंको व एटीएम की चेंकिंग पेट्रोलिंग



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने समस्त थाना चौकी प्रभारियों को अगामी दीपावली त्यौहारो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सभी सराफा मार्केट, बैंको व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफके द्वारा जिले के सभी सराफा मार्केट, बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही लगातार चेंकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो, बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/ पुलिस कंट्रोल रूम/ आपातकालीन नंबर मौजुद हो तथा बैंक पटल पर लिखे हो, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/ हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाए। रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

# विधायक दीपेश के प्रयास से नगर पंचायत भिंभौरी को मिली 1 करोडो 50 लाख के विकाश कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक दीपेश साहू के प्रयासों से नगरी प्रशासन एवं विकाश विभाग द्वारा भिंभौरी नगर पंचायत को एक करोड़ पचास लाख रूपये के विकाश कार्यों की सौगात मिली है । जिसमे वार्ड क्र. 01 ओचटी से बाजार चौक तक पाइप लाइन विस्तार कार्य हेतु 28 लाख 52 हजार,वार्ड क्र. 05 मे पुराना ओटची से बाजार चौक तक पाइप लाइन विस्तार कार्य के लिए 23 लाख 82 हजार, वार्ड क्र. 01 ओटची के पास ऑफिस बिल्डिंग का निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 69 हजार, वार्ड क्र. 09 मे नूर मोहम्मद के घर से बाजार चौक तक आर सीसी रोड कवर सहित नाली निर्माण 14 लाख 18 हजार, वार्ड क्र. 09 मे भुनेश्वर साहू के घर से बाजार चौक तक सीसी रोड़ निर्माण 4 लाख 92 हजार, बाजार चौक से खुड़मुड़ी रोड़ के दोनों तरफ आर सीसी नाली निर्माण कार्य 6 लाख 24 हजार, वार्ड क. 1 मे गुना शॉप से अम्बा तालाब तक सीसी रोड़ निर्माण 12 लाख 32 हजार, वार्ड क्र. 14 चंद्र कुमार दाऊ के घर से बाजार चौक के दोनों तरफ आर सीसी नाली निर्माण कार्य 6 लाख 24 हजार रूपये एस प्रकार कुछ नगर पंचायत भिंभौरी को 1 करोड़ 50 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति राशि प्रदान की गई है। भिंभौरी नगर पंचायत को नई सौगात मिलने पर विधायक साहू ने कहा की बेमेतरा विधानसभा की जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत हूँ । आपके सुझाव और क्षेत्र के विकास के साथ हम मिलकर समृद्ध बेमेतरा के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे। यह विकास कार्य अभी महज शुरुआत है, मोदी की गारंटी में जो भी वादे किये गए हैं उसे अक्षरशः पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आने वाले समय में ऐसे और भी विकास कार्य एवं आप सभी की सुविधाओं के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे उन्हें उठाने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। मैं भिंभौरी नगर पंचायत अंतर्गत निवास करने वाले समस्तजनों को इन विकास कार्यों के लिए बधाई देता हूँ और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करता हूं।

# अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज का हुआ छत्तीसगढ़ आगमन

पायनियर संवाददाता ◄ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



बद्रीनाथ के परम पूज्य उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्त विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज का गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा पश्चात छत्तीसगढ़ आगमन हुआ है। शंकराचार्य का प्रतिवर्षानुसार 31 अक्टूबर गुरुवार को दीपावली के पावन अवसर पर लक्ष्मी पूजन के दिन सलधा से 09:00 बजे प्रस्थान कर साजा , बिडोरा, सिल्हाटी होते हुए शुबह 10:00 बजे सहसपुर लोहारा में शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य पण्डित देव दत्त दुबे के निज निवास श्री गुरुकृपा प्रसादम् में शंकराचार्य स्वामिः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती महाराज का दिव्य मंगलमय पदार्पण हो रहा है जहाँ समस्त राजपुरोहीत दुबे परिवार शंकराचार्य का पादुका पूजन करेंगे । समस्त नगर एवं क्षेत्र वासियों को शंकराचार्य का दर्शन शुलभ होगा ।

श्री गुरुकृपा प्रसादम् में पादुका पूजन पश्चात पूज्य शंकराचार्य 10:30 बजे राजमहल जाएँगे जहाँ राजा खड्गराज सिंह परिवार सहीत पादुका पूजन करेंगे, पादुका पूजन पश्चात शंकराचार्य कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे, कवर्धा में ज्योतिर्मठ के मीडिया प्रभारी अशोक साहू के निवास आविमुक्तनगर में 11:00 बजे पादुका पूजन पश्चात धर्मनगरी कवर्धा के झंडा चौक पहुंचेंगे जहाँ नगरवासियों के द्वारा शंकराचार्य का स्वागत किया जायेगा। झंडा चौक से शंकराचार्य 12:00 बजे ज्योतिर्मठ के सीईओ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय के निवास श्री शंकरा भवनम् शांतीदीप कालोनी पहुंचेंगे, जहाँ दर्शन पश्चात दीपावली के अवसर पर शंकराचार्य अहोरात्र श्री लक्ष्मी पूजन करेंगे, आम लोगों को शंकराचार्य के दर्शन सुलभ रहेंगे।

# सामूहिक अनाचार के आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत निकट के एक ग्रामीण अंचल में सामूहिक कुकृत की घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में राजहरा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी मिली है कि यह घटना 24 अक्टूबर की है हालांकि इसकी रिपोर्ट 27 अक्टूबर को हुई है जिसमें पुलिस हरकत में आते हुए इन 3 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। नगर निरीक्षक सुनील तिर्की ने बताया कि पीड़ित महिला किसी काम से गांव में अपने कथित प्रेमी के घर गई हुई थी इस दौरान उसे गांव के तीन युवकों की नजर उस महिला पर पड़ी । ये युवक उसके कथित प्रेमी के घर में घुसकर महिला के साथ दुराचार किया तथा कथित प्रेमी के साथ काफी मारपीट भी की इसके उपरांत यह तीन युवक वहां से भाग खड़े हुए तीन दिन तक मामले के बारे में महिला ने किसी को कुछ नहीं बताया पर कुछ पारिवारिक दबाव के चलते 27 अक्टूबर को दल्ली राजहरा थाने में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जिस पर राजहरा पुलिस ने उन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इन पर धारा 70 (01) पर जुर्म दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

# कलेक्टर ने गिरदावरी कार्य के सत्यापन में प्रगति लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जिले में गिरदावरी कार्य का मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे सत्यापन कार्य के प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान गिरदावरी कार्य के सत्यापन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और इसमें प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी, सचिव और आरईओ मिलकर इस कार्य को पूरा करें। जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे से फसल धान के बोये गये रकबा तथा भूईयां साफ्टवेयर में पटवारी द्वारा गिरदावरी के आधार पर फसल धान के बोये गये रकबा का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, संयुक्त कलेक्टर मोनिका कौड़ौ एसडीएम संदीप ठाकुर, गीता रायस्त, आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुहर्षलता वर्मा सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर वर्मा ने राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए 14 नवम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए 15 दिन शेष है। इन बचे हुए दिनों में तैयारी पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी को धान खरीदी केंद्र की तैयारियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए चेक लिस्ट तैयार किया गया है, सभी अधिकारी चेकलिस्ट के आधार पर व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों की आवश्यक साफ-सफाई, पहुच मार्गों का उचित संधारण, सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक तैयारियां तथा तौलाई मशीन का सत्यापन सहित अन्य मूलभूत तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गन्ना सीजन प्रारंभ होने वाला है, इससे पूर्व पहुच मार्गों का उचित संधारण करे जिससे किसानों को समस्या नहीं हो। कलेक्टर वर्मा ने जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में नहीं हो पाया है, उन आवेदनों का का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके साथ ही ग्रामवासियों द्वारा किए गए मांग जिसका निराकरण जिला स्तर पर नहीं हो सकता ऐसे आवेदनों को राज्य स्तर पर प्रेषित करें। कलेक्टर ने कहा बैगा बाहुल्य क्षेत्रों के संचालित योजना में अधिक फोकस करने की जरूरत है। बिजली, पेयजल, सड़क, आवास मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने क्रेडा विभाग को निर्देश दिए कि जिन घरों में बिजली की व्यवस्था नहीं है उनकी सूची तैयार करें और प्राथमिकता से सौर पैनल से विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने इन क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था के लिए पीएचई विभाग के अधिकारीयों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री जनमन योजना, जल जीवन मिशन के तहत हैंडपंप खनन सहित राज्य शासन की प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना, प्रभु रामलला दर्शन योजना सहित जल शक्ति अभियान कैच द रैन के अंतर्गत मिशन जल रक्षा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बनाए पूरी संरचनाओं को संधारण एवं मरम्मत कार्य के लिए अभियान की समीक्षा की।

# एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने एकता दौड़ को सीईओ ने दिखाई झंडी

## विधायक दीपेश साहू ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता की दिलाई शपथ



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आज एकता दौड़ का आयोजन किया गया। विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। देश की एकता और अखंडता का संदेश जन जन तक पहुचाने के उद्देश्य से ज़िला मुख्यालय के जय स्तम्भ चौक से एकता दौड़ की शुरुआत हुई। एकता दौड़ जो शहर के मुख्य चौक-चौराहों ,बाजारों से होकर यही स्तम्भ चौक पर पहुँचकर समाप्त हुई । एकता दौड़ मैं विधायक दीपेश साहू, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा, राजेन्द्र शर्मा, जनप्रतिनिधि, नगर के नागरिकगण सहित अधिकारी ,कर्मचारी भी शामिल हुए । मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्रीय एकता, अखंडता आदि कामों को स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और बच्चो को सत्यनिष्ठा से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने और देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने का हर सम्भव प्रयास करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, राजेन्द्र शर्मा ने भी संबोधित किया और लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल किए गए कार्यों को याद किया और उनके कामों के बारे मैं ख़ास कर युवा पीढ़ी को बताया । इस अव सर एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर , जिला शिक्षा अधिकारी,एवं अधिकारी, कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे ।

# बाँटने से बढ़ती है खुशी जरूरतमंद बच्चों के बीच विप्लव संस्था ने मनाई दिवाली का पावन पर्व

## 2003 से टूटा नहीं सिलसिला, महानदी संगम पर स्थित देवरघटा में मिठाई, पटाखा के साथ बाँटी खुशियां

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



21 वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के बीच जाकर दिवाली मनाने वाले विप्लव सेवाभावी संस्था के सदस्य इस वर्ष महानदी तट पर स्थित ग्राम देवरघटा (कमरीद) के नाविक परिवार के बच्चों के बीच पटाखा, मिठाई व अध्ययन साम्रागी बांटकर दिवाली मनाया। मंगलवार 29 अक्टूबर धनतेरस के दिन मारूति आश्रम देवरघटा में संस्था के सदस्यों ने लगभग तीन सौ बच्चों के साथ यह पर्व मनाया। संत गोपालदास महाराज, जनपद सदस्य लौंग लता सिंह एवं सरपंच उपसरपंच ने संस्था के नेक कार्य को सराहा। इस दौरान संस्थापक दीपक यादव, डॉ अश्वनी राठौर, विकास मिश्रा, अमन सिंह, डॉ लोकेंद्र कश्यप, डॉ प्रतीक यादव, बिट्टू शर्मा, हरीश गोपाल, रितेश अग्रवाल, अनीश, अंकित, अक्षत, विपुल, हिमांशु, आकाश, मिंकु, अभय, आर्यन अमित, सृजन, अरमान, आशुतोष आदि उपस्थित रहे। शिक्षक दीपक यादव ने बताया कि सन 2003 की दीपावली में जब विप्लव की ये सोच उन लोगों में दीपावली का उजास बांटने के लिए शुरू हुई जो किसी अभाव के चलते पटाखे मिठाई से वंचित हो जाते है। सब ने पाकिट मनी की कुर्बानी देकर यह कार्य शुरू किया। आज 10 से 50 आयु वर्ग के शिक्षक, डॉक्टर इंजीनियर चार्टर्ड एकाउंटेंट, उद्यमी, व्यवसायी, कांट्रेक्टर्स, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी, समाज और दलीयविचारधारा से जुड़े लोगों ने सदस्य बनकर इस विप्लव को पल्लवित पुष्पित किया। आपसी आर्थिक सहयोग, जेब खर्च, वेतन से बचत कर तन मन धन से सहयोग कर हम सब इसकी गतिविधियां संचालित करते हैं। 21 वर्षों में दीपावली के अवसर पर कोई एक गांव चुनकर वहां के बच्चों को आतिशबाजी, मिठाई, कपड़ा, अध्ययन सामग्री, खेल सामग्री का ग्राम सिवनी, पाली, कन्हाईबन्द, खोखरा, खोखसा, खैरा, हरदी महामाया, पोंच, पेन्डरी जांजगीर, किरीत, महंत, हरदी हरि, जगमहन्त, करमंदी, डोंगरी व पीथमपुर आदि ग्रामों में कर चुके हैं। इसके अलावा जिले में प्रथम रक्तदाता डायरेक्ट्री जीवन सुधा का प्रकाशन व वितरण, स्वैच्छिक रक्तदान, रक्त समूह परीक्षण शिविर, वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जरूरतमंदो को वस्त्र व जरूरत की वस्तु अदान-प्रदान के लिए जांजगीर के बी. डी. महंत गार्डन प्रांगण में नेकी का कोना 6 वर्षों से अनवरत संचालन, शासकीय विद्यालय पेन्ड्री मड़वा, तागा व बुड़गहन में भोजन पात्र, पंखा, वाटर फिल्टर, चरण पादुका प्रदत्त, वृद्धाश्रम खोखरा में कूलर का दान व समय समय पर कपड़ो, अध्ययन सामग्री का वितरण, अंधमुक बधिर विद्यालय पामगढ़ में गर्म कपड़ों का वितरण, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य, राष्ट्रध्वज के सम्मान में ध्वज संहिता की जानकारी प्रदान करने के लिए सिद्ध-शक्ति वेलफेयर दुर्ग के साथ साझा अभियान खादी का राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर जागरूकता अभियान, जरूरतमंदों को पढने के लिए आर्थिक मटर पेविड काल में जरूरतमंदों को भोजन सामग्री, आपात सेवा साबुन वितरण, कोविड वेक्सिनेशन में मदद। में मदद, शा उमा वि मड़वा व शाउमा टीकाकरण में सहयोग बच्चों व मेडिकल टीम को सहयोग कार्य कर चुके है। इस दौरान सरपंच जागेश्वरी साहू, पंच ललिता माँझी, रोज़गार सहायक विवेकानंद यादव, सचिव मोहन लाल साहू, पंच पुरषोत्तम माँझी, हरिशंकर केवट, सुनील तिवारी, बाबूलाल गोंड का सहयोग रहा।

# कोतरारोड़ पुलिस ने नाबालिग बालिका को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से किया बरामद

## आरोपी को पॉक्सो एक्ट में बाल संप्रेषण गृह भेजा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कोतरारोड़ पुलिस ने शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश से एक लापता नाबालिग बालिका को बरामद कर रायगढ़ वापस लाया है। पुलिस ने बालिका को भगाने वाले अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया है। बालिका की मां ने 12 सितंबर को कोतरारोड़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 सितंबर को सुबह काम पर जाने के दौरान उसकी बेटी घर से बिना बताए गायब हो गई। मामले में धारा 137(2) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई। जांच के दौरान पता चला कि बालिका को उसके घर के पास रहने वाला एक किशोर बालक भगाकर ले गया था, जो स्वयं भी लापता था। थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने संदेही और बालिका के बारे में परिजनों और गवाहों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई, जिसमें मालूम हुआ कि दोनों मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश में हो सकते हैं। इस सूचना के आधार पर उप-निरीक्षक कुसुम कैवर्त के नेतृत्व में एक टीम उत्तर प्रदेश रवाना की गई। मुरादाबाद में पता चला कि संदेही बालक के दोस्त ने कसडोल, जिला बलौदाबाजार की एक अन्य बालिका को भी भगाया है, और वे दोनों नाबालिक लडका लडकी भी वहां मजदूरी कर रह रहे थे। कसडोल थाना क्षेत्र की गुम बालिका के संबंध में थाना कसडोल में अपराध दर्ज है जिसे कसडोल पुलिस खोज बिन पर उत्तर प्रदेश आई हुई थी। जहां कोतरारोड़ और कसडोल पुलिस के काफी प्रयासों के बाद दोनों नाबालिग जोड़े शाहजहांपुर जिले को खुटार क्षेत्र में पकड़ लिया गया। कोतरारोड़ पुलिस को बालिका ने अपने बयान में बताई कि आरोपित ने उसे शादी का झांसा देकर भगाया और उसके साथ शारीरिक शोषण किया। मामले में आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 87, 69, 65 (1) के तहत कार्यवाही की गई और उसे किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया।

# विधवा महिला को शादी के हसीन सपने दिखाकर आरक्षक करता रहा दुष्कर्म

## पीड़िता की शिकायत के बाद थाने में दर्ज हुआ एफआईआर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में एक पुलिस आरक्षक ने विधवा महिला को शादी का सपना दिखाकर नई जिंदगी की शुरूआत करने का सपना दिखाकर कई बार संबंध बनाने के बाद शादी से इंकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर थाना में एक विधवा महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरक्षक विजय कुमार पटेल से उसकी जान पहचान करीब एक साल पहले हुई थी। जान पहचान के बाद दोनों में बातचीत होनें लगी थी। इस बीच पुलिस आरक्षक ने विधवा महिला को शादी करके नये जीवन की शुरूआत करने का सपना दिखाकर कई बार उसके साथ संबंध बनाया। पीड़िता महिला ने बताया कि पुलिस आरक्षक ने उसके साथ करीब 6 महीने तक संबंध बनाते रहा और महिला जब भी शादी का बात कहती थी वह हमेशा टाल मटोल करते आ रहा था और आखिरकार आरक्षक विजय कुमार पटेल शादी से मुकर गया। बताया जा रहा है कि पीड़िता महिला ने इस मामले की शिकायत पहले खरसिया एसडीओपी से की गई, जिसके बाद इस मामले में जांच उपरांत महिला की शिकायत को सही पाये जाने के बाद आरक्षक विजय कुमार पटेल के खिलाफ भूपदेवपुर थाना में धारा 376, (2) 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# किसान से मांगी 50 हजार की रिश्वत, शिकायत पर एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

पायनियर संवाददाता < सारंगढ
www.dailypioneer.com

किसान से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाले पटवारी को एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। पटवारी पर एक्शन लेने का मामला छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला तहसील क्षेत्र का है। पीड़ित किसान ने जन समस्या निवारण शिविर में रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने मामले की जांच के बाद पटवारी को सस्पेंड कर दिया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़ेली में गुरुवार को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें बरमकेला तहसील अंतर्गत ग्राम रंगाडीह निवासी डबल सिंह चैधरी पिता शौकलाल ने शिकायत करते हुए हल्का पटवारी रामभरोस सिदार पर खसरा नंबर को आनलाइन करने के बदले 50,000 रुपए मांगने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की थी।

# नवंबर महीने में सक्ती में लगेगा रौताही मेला, विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन का किया सीएमओ एवं अध्यक्ष ने स्वागत





पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पालिका सभागार में नगर पालिका परिषद शक्ति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वप्रथम नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल एवम मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह द्वारा किया गया, तथा बैठक के दौरान नगर पालिका परिषद शक्ति के सभी जनप्रतिनिधि जहां मौजूद रहे तो वहीं आगंतुक जन प्रतिनिधियों का भी नगरपालिका की ओर से स्वागत किया गया,जिसमें प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव, वरिष्ठ पार्षद ईश्वर लोधी, रीना गेवाडीन, सिद्धेश्वरी सिंह, घनश्याम जायसवाल,रामसंजीवन देवांगन, गजेंद्र यादव पिंटू, रजनी संजय रामचंद्र, शकुन सोनी, चांदनी सहिस, रिक्की सेवक, इंजीनियर नायक, लेखापाल वैभव चौबे, मो. इब्राहिम खान, रोहिणी, शिवानी गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्य के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, एवम आगामी नवंबर माह में रोताही मेला लगाने की चर्चा हुई, बैठक के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल द्वारा नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों को दीपावली के शुभ अवसर पर साड़ी, कपड़ा एवं मिठाई वितरण किया गया, तथा इस दौरान नगर पालिका शक्ति के विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाड़ीन ने भी कहा कि हम सभी मिलजुल कर शक्ति शहर को और अधिक व्यवस्थित एवं विकास की दिशा में ले जाने का प्रयास करेंगे।

# समाजसेवी सियाराम अग्रवाल को छत्तीसगढ़ शासन करेगी महाराजा अग्रसेन सम्मान 2024 से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाली हस्तियों को राज्य अलंकरण पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाता है, इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजधानी रायपुर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं जीवन पर्यंत समाज सेवा एवं सेवा के कामों में अपना पूरा समय लगने वाले हनुमान परिवार रायपुर के सदस्य सियाराम अग्रवाल को राज्य अलंकरण सम्मान 2024 के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए चयनित किया गया है, तथा उपरोक्त चयन का पत्र छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सियाराम अग्रवाल को प्रेषित किया गया है, एवं उपरोक्त राज्य अलंकरण 2024 का आयोजन 6 नवंबर 2024 को नवा रायपुर के राज्योत्सव स्थल पर होगा, सियाराम अग्रवाल वर्तमान में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं, तथा रायपुर की प्रतिष्ठित गौशाला के भी प्रमुख हैं, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अभिभाजित मध्य प्रदेश के समय से विभिन्न सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों में सक्रिय रूप से प्रमुख पदों पर रहकर अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन कर चुके हैं,बाबूजी सियाराम अग्रवाल का इस सम्मान के लिए चयन होने पर जहां अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन सहित विभिन्न संगठनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# ऊषा की मदद से छत्तीसगढ़ में बैंबू स्टिल्ट वॉक का आयोजन हुआ



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

इस पारंपरिक खेल में जिले और आसपास के गाँवों के युवा महिला और पुरुषों ने हिस्सा लिया.गोरेला पेंड्रा मरवाही, 28 अक्टूबर, 2024: भारत के अग्रणी कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड, ऊषा इंटरनेशनल ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वीमैन, चाईल्ड एंड यूथ डेवलपमेंट (एनआई डब्लूसीवाईडी) तथा स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लालपुर, गौरेला पेंड्रा, मरवाही में बैंबू स्टिल्ट वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संजय शर्मा, चीफ एक्ज़िक्यूटिव ऑफिसर, जिला पंचायत-पेंड्रा; सुइंदरनिया बाई, सरपंच ग्राम लालपुर, तथा राम कुमार कुर्रे, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर मौजूद थे, जिन्होंने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने पुरस्कार वितरण करते हुए विजेताओं के कड़े परिश्रम और समर्पण के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने बाँस की गेढ़ी पर चढ़कर चलते हुए बहुत ही निपुणता के साथ 100 मीटर की दूरी तय की। इन स्टिल्ट पर जमीन से 30.48 सेमी. (1 फुट) की ऊँचाई पर एक फुटरेस्ट बनाया गया था, जिस पर चढ़कर विजेता चल रहे थे। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों और दर्शकों का उत्साह दर्शनीय था, जिसमें युवाओं पर ध्यान केंद्रित करके महिला और पुरुषों के बीच समानता के बारे में जागरुकता भी बढ़ाई गई।

# अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज के साथ अपने त्योहार को करें रोशन

- 1 से 7 नवंबर के बीच बड़ी बचत, फ्रेश जरूरी चीजों और विशेष ऑफर्स का उठाएं फायदा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रोशनी का त्योहार अब बिल्कुल नजदीक है, अमेजन फ्रेश 1 से 7 नवंबर 2024 तक फेस्टिव सुपर वैल्यू डेज फेस्टिव सुपर वैल्यू डेज पेश करने के लिए उत्साहित है, जो आपको खुशियों और बचत के साथ त्योहार का जश्न मनाने में मदद करने के लिए शानदार ऑफर्स की पेशकश करेगा। चाहे आप एक भव्य दावत की मेजबानी कर रहे हों या पारंपरिक मिठाइयां बना रहे हों, ताजे फल, सब्जियां, स्नैक्स, पेय पदार्थ, मिठाई और रोजमर्रा की जरूरी चीजों सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर 45 प्रतिशत तक की छूट के साथ आवश्यक वस्तुओं का स्टॉक तैयार करें। इस दिवाली अपने पसंदीदा समय पर सुविधाजनक स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी के साथ, आशीर्वाद, बीकाजी, पारले, दावत, टाटा संपन्न और डेटॉल जैसे भरोसेमंद ब्रांड्स से अमेजन फ्रेश पर खरीदारी कर अपने त्योहार के उत्सव को और आसान बनाएं। मौजूदा और नए दोनों ग्राहक अमेजन फ्रेश के फेस्टिव सुपर वैल्यू डेज के साथ अविश्वसनीय बचत का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। मौजूदा प्राइम कस्टमर्स 45 प्रतिशत तक की छूट, फ्लैट 300 रुपए का कैशबैक और फ्री डिलीवरी के अलावा 1 से 3 नवंबर तक फल और सब्जियों पर अतिरिक्त 50 रुपए कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। सभी नए ग्राहक 45 प्रतिशत तक की छूट के साथ फ्लैट 200 रुपए का कैशबैक और ताजा उत्पादों पर 50 रुपए कैशबैक का फायदा उठा सकते हैं। यह त्योहारी सीजन अमेजन फ्रेश की किराना सामान, स्नैक्स और मिठाई की विस्तृत रेंज को एक्सप्लोर करने का एकदम सही समय है, यह सुनिश्चित करते हुए कि आपके पास इस खुशी के उत्सव के दौरान परिवार और दोस्तों के साथ यादगार भोजन और आनंदमय जश्न बनाने के लिए आपके पास हर जरूरी चीज उपलब्ध है।

# छत्तीसगढ़ का उभरता टेक जायंट, रायपुर से दुनिया के लिए नवाचार कर रहा है

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

MAGURE

छत्तीसगढ़ के उभरते तकनीकी उत्कृष्टता केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, रायपुर स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी Magure Inc. वैश्विक मंच पर उन्नत डिजिटल समाधानों, स्थानीय प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान के साथ हलचल मचा रही है। छत्तीसगढ़ की धरती पर स्थापित, Magure तेजी से एक वैश्विक टेक लीडर के रूप में उभर रहा है, जिसने नवाचारी उत्पादों और रणनीतिक सहयोगों के माध्यम से छत्तीसगढ़ को आईटी उत्कृष्टता के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित कर दिया है। हाल ही में, Magure ने दुबई सरकार के साथ मिलकर iGynte प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करने की एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसे पूरी तरह से रायपुर में विकसित किया गया है और इसकी घोषणा दुबई के उप प्रधानमंत्री द्वारा की गई। इस सहयोग ने Magure की गहन विशेषज्ञता और तकनीकी कौशल को उजागर किया है, रायपुर को वैश्विक टेक नवाचार में एक महत्वपूर्ण स्थान पर स्थापित किया है। Magure की वैश्विक पहचान स Open और Wimbledon टेनिस टूर्नामेंट जैसे प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स तक फैली हुई है, जहाँ यह विश्व प्रसिद्ध आयोजनों को शक्ति प्रदान करने के लिए मजबूत तकनीकी समाधान प्रदान कर रहा है। कंपनी कई प्रमुख अमेरिकी स्वास्थ्य देखभाल और खाद्य वितरण कंपनियों और अमेरिकी लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की भी विश्वसनीय साझेदार है, जो विभिन्न उद्योगों में अपनी क्षमता को साबित करती है। इसके अलावा, Magure भारत सरकार के साथ भी निकटता से काम कर रही है, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहलों में अपने तकनीकी समाधान देकर योगदान दे रही है। दुनिया के लिए निर्माण करें के विजन से प्रेरित होकर, Magure की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) में योगदान नए मानदंड स्थापित कर रहा है।

# अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की सक्ती जिला इकाई का हुआ गठन, जिला अध्यक्ष बनी उषा प्रकाश अग्रवाल



**सक्ती।** अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता खेतावत सूरत गुजरात एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल बिलासपुर की स्वीकृति एवं अनुशंसा से अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की शक्ति जिला इकाई का गठन किया गया है, जिसमें जिला अध्यक्ष के पद पर उषा प्रकाश अग्रवाल, सचिव शिल्पा मनीष कथुरिया एवं कोषाध्यक्ष मीना राजकुमार अग्रवाल को बनाया गया है. साथ ही जिला अध्यक्ष उषा प्रकाश अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए सह सचिव के रूप में रेखा मुकेश बंसल, उपाध्यक्ष के रूप में मोना राजकुमार अग्रवाल, रजनी संजय रामचंद्र पार्षद।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)

### // निविदा निरस्तीकरण सूचना //

ऑनलाइन निविदाएँ प्रपत्र-''ए'' में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में श्रेणी-डी एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया गया है, विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | निविदा सूचना क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | जी-क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40/16.10.2024 | 159790 | 81.99 | 242503238 |

कृपया उपरोक्त निविदाओं का प्रकाशन करने का कष्ट करें।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G-242503486/3


# राजा जंगल में हाथी भगाने के समय हुई घटना

# हाथी के हमले से युवक की मौत, हाथी के करीब नहीं जाने, की अपील

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले मे बीती रात हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। गाँव मे हाथी आने के बाद ग्रामीण युवक उसे भागने गया था इसी दौरान यह घटना घटित हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई मे जुट गई है, मामला धरमजयगढ़ वन मंडल का है। मिली जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दुलियामुडा गाँव मे बीती रात 9 बजे एक हाथी गाँव के करीब पहुंच गया था, जिसके बाद गाँव के ग्रामीण हाथी को बस्ती से दूर भागने के प्रयास मे जुट गए थे, इसी बीच हाथी ने गाँव के एक ग्रामीण युवा वेदराम कंवर 35 साल को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया, यह घटना राजा जंगल के करीब घटित हुई है।

**शव को भेजा गया अस्पताल**-वन विभाग के एक कर्मचारी ने बताया की रात करीब सवा 9बजे घटना की जानकारी मिलने के विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है, आज पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द करते हुए पश्चात सहायता राशि दी जाएगी।

**हाथी के करीब नहीं जाने की जाती है अपील**-धरमजयगढ़ क्षेत्र के हाथी प्रभावित इलाकों मे वन विभाग के आलावा हाथी मित्र दल के सदस्य गाँव गाँव पहुंच कर हाथी मानव द्वन्द को रोकने लगातार ग्रामीणों को जागरूक करते आ रहें हैं, और किसी भी हाल मे हाथी के करीब नहीं जाने की अपील की जाती है, इसके बाद लापरवाही के कारण इस तरह की घटना घटित हो रही है।

**लापरवाही बरत रहे ग्रामीण**-हाथी प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा जाता है कि कुछ शरारती तत्व शराब के नशे में हाथियों को खदेडने उनके करीब तक पहुंच जाते हैं, पिछले दिनों कुछ ग्रामीणों के द्वारा हाथियों के दल को पत्थर मारकर भागने का वीडियो के आलावा ट्रेक्टर से हाथियों को भागने का भी वीडियो सामने आ चुका है।

**छाल तहसील कार्यालय घेराव की तैयारी**-आदिवासी नेता महेन्द्र सिदार ने कहा कि सरकार से अब हमारी समस्या की समाधान करवा के रहेंगे, हमारी समाजिक रणनीति बन रही है, हमारी मांग है कि जनहानि में 50 लाख मुआवजा राशि एवं परिवार के सदस्य को एक सरकारी नौकरी, एवं सरकार के तय अनुसार फसल मुआवजा राशि मिले। हम 11 नम्बर को छाल तहसील घेराव एवं 15 नवम्बर को धर्मजयगढ़ में अपनी रैली कर सरकार तक अपनी विचार सुझाव पहुंचाएंगे।


## कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-बस्तर (स्थानीय निर्वाचन शाखा)

### // मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना //

क्रमांक/253/स्था.निर्वा/मत.मुद्रण/नपा.निर्वा/34/2024, जगदलपुर, दिनॉक 23/10/2024

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला बस्तर में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकाय (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन शाखा) जिला-बस्तर जगदलपुर से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 20/11/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप-जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन नगरपालिका) जिला-बस्तर जगदलपुर से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर,
वास्ते, सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
छत्तीसगढ़

G-242503467/3

# गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए पीएम मोदी ने यू-विन पोर्टल किया लॉन्च

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



धनतेरस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को कई सौगात दी है। पीएम मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी 12,850 करोड़ रूपये से ज्यादा की लागत वाली कई सरकारी योजनाओं का उद्घाटन किया और इसका लाभ आम आदमी को देने का ऐलान भी किया। स्वास्थ्य सुविधाओं को और ज्यादा बेहतर और आरामदायक बनाने के मकसद से डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई सरकारी पोट्र्ल का शुभारंभ किया। इसी के साथ गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को दी जाने वाली सभी वैक्सीनेशन का डाटा रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने यू-विन पोर्टल की शुरुआत की। इस पोर्टल के जरिए पैदा हुए बच्चे से लेकर 17 साल तक की उम्र तक हर बच्चे का वैक्सीनेशन रिकॉर्ड इस पोर्टल में रखा जाएगा। इस पोर्टल से ये सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हर गर्भवती महिला और 17 साल तक की आयु तक हर बच्चे को सभी जरूरी वैक्सीनेशन समय पर मिल जाएं। इस पोर्टल में कवर की गई वैक्सीनेशन्स में खसरा, रूबेला, डिप्थीरिया, न्यूमोकोकल निमोनिया, मेनिनजाइटिस और हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, पर्टुसिस, पोलियो, रोटावायरस डायरिया और हेपेटाइटिस बी के कारण होने वाला निमोनिया जैसी सभी वैक्सीनेशन्स का रिकॉर्ड शामिल रहेगा। भारत के कुछ जिलों में, जापानी एन्सेफलाइटिस के लिए भी वैक्सीनेशन दी जाएगी। यह पोर्टल कोविड-19 वैक्सीन मैनेजमेंट सिस्टम को-विन के आधार पर तैयार किया गया है। इस पोर्टल में रजिस्टर करने पर आपका और आपके बच्चे की वैक्सीनेशन का सारा ब्यौरा आपके सामने आ जाएगा। साथ ही इसमें वैक्सीनेशन के साथ वैक्सीनेशन लेने की तिथि और अगली ड्यू डे का सारा ब्यौरा सम्मिलित होगा। यू-विन पोर्टल में हर वैक्सीनेशन प्रोग्राम का रिकॉर्ड रखा जाएगा साथ ही इसमें क्यू-आर स्कैन के जरिए आपको आपके लिए गए हर वैक्सीनेशन का प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त हो जाएगा। जिसे आप कही से भी एक्सेस कर किसी भी जगह दिखा पाएंगें। इसके लिए आपको यू-विन पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए इस पोर्टल में अपना रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इस पोर्टल की मदद से आप अपने आस-पास और पंसद के वैक्सीनेशन केंद्र का भी चयन कर सकेंगे साथ ही इसकी मदद से आप अपनी अगली वैक्सीनेशन की अपॉइटमेंट इसी पोर्टल के जरिए शेड्यूल भी कर सकेंगे। एक बार इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ये पोर्टल आपको अगली अपाइटमेंट या ड्यू वैक्सीनेशन के बारे में एसएमएस के जरिए अलर्ट भी भेजेगा ताकि आपके बच्चे की कोई भी वैक्सीनेशन मिस न हो सके। इसी पोर्टल के जरिए आप आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के लिए भी रजिस्टर कर आईडी बना पाएंगें।

# आयुर्वेद जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखता है : विधायक अटामी



पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधियों से रोगी को मिलता है, किसी और चिकित्सा पद्धति में नही, कारण ये पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। इनके अनुसार ऋतुचर्या तथा आहार चर्या के कारण ही हमारे पूर्वज लंबी आयु जीने के साथ ही स्वस्थ और सक्रिय बने रहते थे। उक्त आशय संबंधी उद्बोधन विधायक चैतराम अटामी ने बस स्टैंड परिसर में आयोजित एक दिवसीय आयुष विभाग द्वारा शिविर मे कही। भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस शिविर में अटामी ने आगे कहा कि आयुर्वेद पद्धति प्राचीन पद्धति है और इस पद्धति से उपचार धीरे-धीरे होकर जड़ से समाप्त करने की दिशा में भी कारगर साबित हो सकती है। इस पद्धति से उपचार कराकर बीमारी से पीड़ित मरीज लाभ उठा सकते हैं। शासन द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सुविधाओं का ध्यान रखकर समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर आयुर्वेद पर भरोसा करने वालों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। शिविर में पंचकर्म पद्धति से गंभीर बीमारियों का उपचार सहित सामान्य बीमारियों की जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जाती है। अतः आमजन अभी से ही आयुर्वेद को अपनाये और शरीर को स्वस्थ रखे। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. जगदंबा पांडा ने बताया कि भगवान धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष में जिला स्तरीय निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें वात रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, बवासीर, रक्तचाप, मलेरिया, पीलिया, उदार रोग, दमा, मधुमेह, सभी प्रकार के रोगियों के रोग रोगी यहां पर उपस्थित हुए हैं जिसमें अभी तक के 240 रोगियों का पंजीयन हो चुका है, और आगे यह शिविर 4 बजे तक निरंतर चलता रहेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विजय तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

# नुक्कड़ नाटक से जिले में दिया जा रहा नशामुक्ति का संदेश



पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शासन एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आम नागरिकों को नशे से दूर रहने हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा कला मंडली के माध्यम से नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम जिले के विभिन्न विकास खण्डों में किया जा रहा है। इस क्रम में 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक स्थानीय साप्ताहिक बाजारों जैसे गीदम, भांसी, छिंदनार, बोदली तथा सुरनार में किया गया। कला मण्डली द्वारा अपने कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोगों को सभी प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

# विश्व स्ट्रोक दिवस पर किया वॉकथॉन का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के उदयपुर में विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ द्वारा मंगलवार को स्ट्रोक की रोकथाम और स्वस्थ लाइफस्टाइल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये वॉकथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान और कुमावत वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट के सहयोग से इस कार्यक्रम की मेजबानी की जिसमें 280 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्ट्रोक जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक जीवन जीने के लिए जानकारी साझा की। वॉकथॉन की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष भंवर सेठ और कुमावत वरिष्ठ नागरिक ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिशंकर कुमावत द्वारा प्रेरणादायक उद्घाटन के साथ हुई। उन्होंने एक स्वस्थ समाज बनाने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, खासकर बुजुर्गों के लिये क्योंकि ऐसे लोग स्ट्रोक और इसकी कॉम्प्लिकेशन के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

## अस्पताल से नदारद डाक्टरों और कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया और मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर ने लगभग 3 घंटे अस्पताल के एक एक वार्ड का गंभीरता से निरीक्षण किया और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने सभी डाक्टरों और स्टाप को समय पर ओपीडी में बैठने के निर्देश दिए हैं। ताकि मरीजों को इलाज करवाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने पाए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नदारद डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिनका छुट्टी का आवेदन नहीं, बिना सूचना के गायब डाक्टरों और कर्मचारियों का एक दिन का अवैतनिक अवकाश घोषित करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने कहा मरीजों को इलाज करवाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान हमर लैब, जनरल वार्ड, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, डाक्टरों की ओपीडी आईसीयू, रसोईघर, शौचालय, दवाई भंडारण कक्ष, सीटी स्कैन, पैथोलॉजी, एक्स रे रूप, मातृत्व और शिशु अस्पताल, सोनोग्राफी सेंटर आदि का वार्ड का बारीकी से अवलोकन करके मरीजों के लिए व्यस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शौचालय की नियमित साफ सफाई करने के लिए कहा है। साथ ही मरीजों को मेन्यू के आधार पर भोजन देने के लिए कहा और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मातृत्व और शिशु अस्पताल के परिसर में मरीजों को दवाई वितरण करने के अलग काउंटर बनाने के लिए कहा है ताकि मां और बच्चे को शीघ्र दवाई उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर ने भर्ती मरीजों से चर्चा करके स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मनोरा विकास खंड के काटाबेल निवासी श्याम राम से कलेक्टर ने मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड बन रहा है कि नहीं। कार्ड के माध्यम से मरीजों को इलाज की सुविधा दी जा रही है कि नहीं इस सब के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने शौचालय के दरवाजे, खिड़की ठीक करवाने के निर्देश दिए हैं।

# विकास खंड स्तरीय स्काउट गाइड तृतीय सोपान सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न

## विषम परिस्थितियों से लड़कर सभी मजबूती से आगे बढ़ें : रूपकुमारी चौधरी

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



लंबर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा तृतीय सोपान शिविर का समापन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा महासमुंद, अध्यक्षता डॉ.एन.के.अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि शीत गुप्ता अध्यक्ष स्थानीय संघ एवं विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल,जितेन्द्र त्रिपाठी,माधव साव, प्रहल्लाद साहू, नवीन साव, नरहरी पोर्ते, उपाध्यक्षगण विकास वाधवा,कामेश बंजारा,मोहित पटेल, डॉ.अरुणा अग्रवाल, लोचना गजेन्द्र, सुशीला मलिक सरपंच गढ़फुलझर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वृंदावती सोमनाथ पांड़े,डॉ.पूर्णानंद मिश्रा बी आर सी ,उग्रसेन पटेल, किशोर ओगरे बलदेव मिश्रा प्रभारी प्राचार्य गण, सीडी बघेल, शुकदेव वैष्णव पत्रकार गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया।स्काउट गाइड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुवा,राउत नाचा, कर्मा, ददरिया, साहसिक गतिविधि में प्राथमिक उपचार एवं प्रहसन प्रस्तुति दिया गया। शिविर संचालक गिरीश पाढ़ी द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि सांसद रुपकुमारी नें बताया कि बेटी हमारे हर जगह मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। एक समय था बेटी से ज्यादा बेटा होने पर मिठाई पटाखे फोड़े जाते थे। आगे उन्होंने कहा कि सभी आत्मनिर्भर बन समाज में अपना स्थान बना सकते हैं।अच्छे चरित्र का निर्माण कर विषम परिस्थितियों से लड़कर मजबूती से आगे बढ़ने के लिए शिविरार्थियों,स्काउटर्स,गाइडर्स एवं उपस्थित नागरिकों को कहा।अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के पदाधिकारी डॉ.एन.के.अग्रवाल ने स्काउट के नियम,प्रतीज्ञा,सेवा कार्य एवं उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि स्काउटिंग व्यक्तिगत विकास के लिए एक बेहतरीन मंच है जो हमें आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता विकसित करने के अवसर प्रदान करता है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के अध्यक्ष शीत गुप्ता ने शिविर में प्रतिभागी छात्र - छात्राओं को सहभागिता हेतु धन्यवाद व आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए दौड़ना होगा।स्काउट,गाइड बच्चों को आत्मनिर्भर होकर अनुशासन में रहने का सीख देता है।इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ के विकासखंड के सभी स्काउट्स 187,गाइड्स 280 एवं प्रभारी 23,प्रशिक्षक मंडल 19,सर्विस रोवर 13,कुल 522 शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनायें दिये है।

# शाश्वत स्कूल के बच्चों ने अपने हाथो से रंग बिरंगे दीये बनाकर डीईओ एवं बीईओ को दीपावली की दी बधाई

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में शाश्वत स्कूल के विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे दीये बनाकर माननीय डीईओ एवं बीईओ सर को दिये सप्रेम भेंट प्रदान कर उन्हें दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। इस मौके पर शाश्वत स्कूल के विद्यार्थी, प्राचार्य एवं शाश्वत स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही दीपावली पर्व के पूर्व स्कूल में बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ की परम्परागत सुवा गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दिए। शाश्वत स्कूल बलौदाबाजार जिले का एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की विशेष सहायता की जाती है। ताकि कोई भी बच्चे पढाई से वंचित न हो। बोर्ड परीक्षा के परिणाम में बलौदाबाजार जिले में शाश्वत स्कूल का दबदबा रहा है। यहां से 10-15 विद्यार्थी ऐसे है जिन्होने गणित भौतिक रसायन बायो विज्ञान एवं सा. विज्ञान जैसे विषयों में पुरे में पुरा अंक प्राप्त कर नया रिकार्ड बनाया। शाश्वत स्कूल शुरूवात से ही विद्यार्थियों के प्रति समर्पित रहा है। कोई भी विद्यार्थी पढाई से वंचित न हो इसके लिए नर्सरी से 12वी तक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के प्रत्येक विद्यार्थियों को शाश्वत स्कूल की तरफ से किताब सभी विषयों के गाइड सभी विषयों के लिए कापी पेन कोचिंग की सुविधा बस की सुविधा आदि बिल्कुल निःशुल्क दिया जाता है ताकि सभी विद्यार्थी समान शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ सके। इस संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदान कर आगे बढ़ाने की है। लोकल बलौदाबाजार के सभी जगहो से बच्चों को निःशुल्क बस की सुविधा दी जाती है। बलौदाबाजार से 8 से 10 किलोमीटर तक की दूरी के लिये गांव से आने वाले विद्यार्थीयों से स्कूल बस की कोई भी शुल्क नहीं ली जाती अर्थात विद्यार्थीयों के लिए बस सुविधा बिल्कुल निःशुल्क है। सभी प्रदेश वासियों को शाश्वत स्कूल बलौदाबाजार की तरफ से धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**महारानी अस्पताल, जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)**

क्रमांक/सी.एस./2024-25/2271 जगदलपुर, दिनांक : 25/10/2024

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

जिला चिकित्सालय जगदलपुर जिला बस्तर परिसर में चांदनी चौक कलेक्टर रोड के समीप दुकान नंबर 04 एवं 05 की किराये लीज पर निलामी (बंद लिफाफा पद्यति) से किया जाना है। प्रस्तावक कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के स्टोर कक्ष में 2000/- रूपये (दो हजार रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का नगद भुगतान कर जो कि नॉन रिफन्डेबल है जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालय या जिले की विभागीय वेबसाईट https://bastar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र विक्रय तिथिः- 28 अक्टूबर 2024 (कार्यालयीन समय में)
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथिः- 06 नवम्बर 2024 (शाम 5:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः- 16 नवम्बर 2024 (दोपहर 03:00 बजे तक)
निविदा खोले जाने की तिथिः- 16 नवम्बर 2024 (शाम 04:00 बजे)

**(निविदा शर्तों का सही व पूर्णतः अध्ययन कर ही निविदा मे भाग ले)**

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय जगदलपुर**
G-242503490/4

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष-07781-252278 E-mail:- cmonarayanpur@rediffmail.com

क्रमांक/1671/मु.न.अ./न.पा.परि./2024 नारायणपुर, दिनांक 29/10/2024

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगरपालिका परिषद नारायणपुर में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पद्धति निविदा पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट से 'त्री लिफाफा' पद्धति में सीलबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि : 19/11/2024 सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि : 20/11/2024 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 25/11/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 25/11/2024 सायं 5.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत अटल परिसर कार्य | 30.00 | 22500.00 | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 1500.00 |
| 2 | नगर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र. 01 से 07 तक भवन, सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग में प्रचलित भवन एवं रोड एस.ओ.आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 के प्रचलित दर पर | 15.00 | 11300.00 | 31 मार्च 2025 | सक्षम श्रेणी | 750.00 |
| 3 | नगर क्षेत्रान्तर्गत नगर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र. 08 से 15 तक भवन, सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य लोक निर्मा विभाग में प्रचलित भवन एवं रोड एस.ओ.आर. प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 के प्रचलित दर पर | 15.00 | 11300.00 | 31 मार्च 2025 | सक्षम श्रेणी | 750.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल **https://uad.cg.gov.in** एवं नगरपालिका परिषद् नारायणपुर में कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् नारायणपुर**

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए राजधानी वासियों के साथ लगाई एकता दौड़

## कहा : सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है रन फॉर यूनिटी

### मुख्यमंत्री ने एकता दौड़ को दिखाई हरी झंडी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में राजधानी वासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी एकता दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की।



उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। साय ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है।

सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री राम विचार नेताम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हमें अपने देश की एकता अखंडता को बनाये रखने की प्रेरणा देता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हम भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रन फॉर यूनिटी देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा का संदेश देता है।

सरदार पटेल ने देश की अखंडता के लिए 500 से अधिक रियासतों को एक बनाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, इसे पूरा करने के लिए हम सभी मिलकर आगे बढ़े। गौरतलब है कि इस वर्ष दीपावली के उत्सव को देखते हुए 29 अक्टूबर को ही राष्ट्रीय एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

## वन मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों से नाराणपुर जिले को सड़क निर्माण के लिए मिली 29 करोड़ 53 लाख की राशि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

वन मंत्री केदार कश्यप के प्रयास से नारायणपुर जिले में सड़क निर्माण के लिए 29 करोड़ 53 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। वन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक नारायणपुर केदार कश्यप के प्रयासों से नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रवासियों की मांग को लेकर लगातार प्रयासरत थे। स्वीकृत राशि से नारायणपुर के पल्ली छोटेडोंगर ओरछा मार्ग लगभग 12 किलोमीटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण होगा। इस आशय का स्वीकृति आदेश लोक निर्माण विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर से जारी कर दिया गया है।

# युवा विप्र संगठन ने उपमुख्यमंत्री को दोषियों पर कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

तहसील/कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ शासकीय कर्मी प्रदीप उपाध्याय द्वारा आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा है। घटना में उन्होंने एक सुसाईड नोट भी लिखा है जिसमे उन्होंने आत्महत्या का कारण उनके कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आकर होना बताया है। उक्त सुसाइड नोट में उन्होंने उक्त अधिकारियों का नाम भी उल्लेखित किया है। सुसाइड नोट में उल्लेखित प्रताड़ना जिसमे जानबूझकर परेशान करने के उद्देश्य से बार बार स्थानांतरण, जातिसूचक शब्दों का दुर्भावना वश उपयोग ब्राह्मण को भगाओं जैसे घृणित मानसिकता से साथ जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर तिरस्कृत करना सुसाइड नोट में उल्लेखित किया गया है जिसके चलते छत्तीसगढ़ी युवा विप्र संगठन द्वारा माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को दोषियों पर ठोस कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौंपा एवं त्वरित जांच कमिटी का गठन करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर युवा विप्र संगठन के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। संगठन ने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

## महावीर निर्वाण दिवस में मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण सीमा परिक्षेत्र में मटन व्यापारी संघ रायपुर एवं सुधर्म जैन नवयुवक मंडल की आपसी सहमति से संषोधन अनुसार महावीर निर्वाण दिवस 1 नवम्बर के स्थान पर 31 अक्टूबर को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही द्वारा मटन व्यापारी संघ रायपुर एवं सुधर्म जैन नवयुवक मंडल की आपसी सहमति से संषोधन अनुसार महावीर निर्वाण दिवस 1 नवम्बर के स्थान पर 31 अक्टूबर को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण सीमा परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस-मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। महावीर निर्वाण दिवस 1 नवम्बर 2024 शुक्रवार के स्थान पर 31 अक्टूबर 2024 गुरूवार को किसी भी दुकान में मांस-मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस-मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। महावीर निर्वाण दिवस 1 नवम्बर 2024 शुक्रवार के स्थान पर 31 अक्टूबर 2024 गुरूवार को नगर पालिक निगम रायपुर के जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस- मटन के विक्रय पर प्रतिबन्ध के आदेश का व्यवहारिक पालन सुनिश्चित करवाएंगे और इस हेतु अपने-अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों के मांस-मटन की दुकानों का सतत निरन्तर पर्यवेक्षण करेंगे।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रायपुर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी



### 3 नवंबर तक स्वच्छ दीवाली, शुभ दीवाली राष्ट्र व्यापी अभियान राजधानी शहर में जन-जन के मध्य प्रभावी तौर पर चलाने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल पर स्थित सभा कक्ष में संक्षिप्त दीपावली मिलन आयोजन में नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को दीपावली पर्व की अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दी। आयुक्त ने कहा कि सभी निगम अधिकारी व कर्मचारी अच्छी तरह कार्य कर दिये गये प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन निरंतर करते रहे। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक स्वच्छ दीवाली शुभ दीवाली के राष्ट्र व्यापी अभियान का राजधानी शहर नगर निगम क्षेत्र में जन-जन के मध्य प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये है। शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता लक्षित ईकाईयों का रूपांतरण स्वच्छता अभियानों का संचालन, आरआरआर केन्द्रों का संचालन स्वच्छता में भागीदारी वोकल फॉर लोकल, स्वच्छ फुड स्ट्रीट, वेस्ट टू आर्ट दीप प्रज्जवलन के संबंध में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप अभियान का शहर में प्रभावी क्रियान्वयन करने निर्देशित किया गया है।

# राज्यपाल ने तिरुपति में पूजा-अर्चना भगवान श्री बालाजी से देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ सहित समस्त देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल को मंदिर प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी सहित राज्यपाल के परिजन उपस्थित रहे।





## मुख्यमंत्री ने भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए माँगा आरोग्य का वरदान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के निरोगी एवं सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर साय ने कहा कि समृद्धि व ऐश्वर्य के लिए धन के देवता कुबेर और आरोग्य के लिए भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व सभी के लिए सुख-समृद्धि लेकर आए और भगवान धन्वंतरि सभी को आरोग्य प्रदान करें।

# 1-1 लाख के ईनामी नक्सली समेत 19 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



### सुकमा जिले के भेज्जी व जगरगुंडा क्षेत्र में गिरफ्तारी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद

बस्तर संभाग सुकमा जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान फोर्स ने जंगलों से 19 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। नक्सलियों के पास से विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। पकड़े गए नक्सलियों में से तीन पर एक एक लाख रुपए का ईनाम भी घोषित था।

सुकमा जिले के भेज्जी व जगरगुंडा थाना क्षेत्र से अलग-अलग मामलों में शामिल 19 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं। 14 नक्सलियों के पास से विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। सभी से पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मंगलवार को सुकमा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन, 201 कोबरा बटालियन, जिला पुलिस बल और डीआरजी के जवान भेज्जी थाना क्षेत्र भंडारपदर इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुए थे। जवान जैसे ही भंडारपदर के जंगलों में पहुंचे तो वहां कुछ संदिग्ध लोग जवानों को देख भागने व छुपने की कोशिश करने लगे। जवानों ने घेराबंदी कर 5 लोगों को पकड़ लिया।पकड़े गए लोगों में वंजाम आयता जनमिलिशिया सदस्य, पोड़ियाम कोसा जनमिलिशिया सदस्य, सोड़ी आयता जनमिलिशिया सदस्य, पोड़ियाम पोज्जा जनमिलिशिया सदस्य शामिल हैं। इन सभी ने सितंबर माह में ओयामी पाडू की हत्या में अपनी लिप्तता की बात कबूल की है। वहीं दूसरी नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जगरगुंडा थाने से डीआरजी व पूवर्ती से कोबरा व सीआरपीएफके जवान तुमालपाड़ इलाके की सर्चिंग के लिए निकले थे। जहां पहाड़ी के पास कुछ संदिग्ध लोग छुपने की कोशिश करने लगे। जवानों ने घेरांबदी कर 14 लोगों को पकड़ लिया।

इनमें एक लाख का ईनामी बारसे हड़मा मिलिशिया कंमाडर, बारसे हिंगा मिलिशिया सदस्य हेमला मंगडू मिलिशिया सदस्य, एक लाख का ईनामी बारसे नागेश सीएनएम कमांडर, बारसे जोगा मिलिशिया सदस्य, मड़कम राकेश कमेटी सदस्य, 1 लाख का ईनामी हेमला जीतू सीएनएम कमांडर, बारसे मंगडू मिलिशिया सदस्य पूवर्ती आरपीसी, बारसे हिंगा मिलिशिया सदस्य, माड़वी हड़मा मिलिशिया सदस्य, मड़कम आयतू कमेटी सदस्य, मड़कम हिड़मा मिलिशिया सदस्य, माड़वी नंदा मिलिशिया सदस्य व बारसे देवा जनताना सरकार कमेटी सदस्य शामिल हैं। इन कई सालों से नक्सल संगठन में अलग-अलग पदों पर कार्य करना स्वीकार किया और घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की। वहीं उनके कब्जे से जिलेटिन राड, डेटोनेटर, बिजली वायर, कोर्डेक्स समेत विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। सभी से पूछताछ कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

30 Oct. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
Vastu समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोलेसरा
जिला बेमेतरा

समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्रवण कुमार जांगड़े
प्राधिकृत अधिकारी



रोशन सिंह बैस
प्रबंधक

:: सौजन्य ::
सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोलेसरा
जिला-बेमेतरा

समस्त जिलेवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



प्रोपाइटर कौशिक जैन
Mo.: 79998-84062, 81097-05643

गुजराती नमकीन भंडार
सर्वाधिक बिकने वाला गुजराती मिक्चर हमेशा तैयार है।
हमारे यहाँ आर्डर से खांडवी, ढ़ोकला, गरम नास्ता फलहारी मिक्चर तैयार किया जाता है।
शुद्ध खोवे एवं छेने की मिठाईयां
निर्मल स्वीट मार्ट, बेमेतरा
बेमेतरा, जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़

समस्त जिलेवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं गुरुनानक जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

न्यू कर्मा नर्सिंग एवं डायग्नोस्टिक सेन्टर
24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा, एम.डी., डॉक्टर, ऑपरेशन, सोनोग्राफी, ई.सी.जी., एक्सरे की सुविधा

डॉ. एस.एल. निराला (एम.बी.बी.एस., जनरल सर्जन)
डॉ. संजय कुमार (एम.डी. रेडियोलॉजिस्ट)
डॉ. शशिकांत राजपूत (मनोरोग चिकित्सक)
डॉ. सादिक कुरैशी (एम.डी. फिजिशियन)

GNM, NM नर्सिंग स्टाप की आवश्यकता है।
कृपया संपर्क करें :- 94060-64139
न्यू बस स्टैण्ड, साहू पारा, बेमेतरा (छ.ग.)

Diwali
Haardik Shubhkaamnayein
May the Divine Light of Diwali Spread into your Life Peace. Prosperity, Happiness and Good Health.

M/s. A.P. AGRAWAL
PROP.-D.K.AGRAWAL
BEMETARA

संकलनकर्ता-दिनेश दुबे, ब्यूरोचीफ बेमेतरा, मोबाइल-9993860851

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403